आर.एन.आई. नबंर - CHHHIN/2018/76773
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
वर्ष-11। अंक 82। मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
इंदौर, भोपालव रायपुर से एक साथ प्रकाशित
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर बुधवार, 26 मार्च, 2025

### विक्रम उद्योगपुरी में 28 करोड़ की लागत वाले सामान्य अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का हुआ लोकार्पण

# व्यापार में कमिटमेंट का है सर्वाधिक महत्व : सीएम

**भोपाल ● रायपुर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा महाकाल की कृपा से देश और प्रदेश में समृद्धि बरस रही है। सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली नगरी उज्जयिनी में पहली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हुआ था। इसके बाद क्रमवार संभागीय मुख्यालयों पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इन आरआईसी में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर प्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत' को साकार करने प्रदेश में 1127.24 करोड़ रुपए के निवेश से 26 विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। यह परियोजनाएं उज्जैन को एक नया औद्योगिक आयाम देंगी, जिससे क्षेत्र का औद्योगिक और आर्थिक विकास होगा। इन इकाइयों से हमारे लगभग 5046 युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। स्वच्छ भारत की परिकल्पना को समाहित कर प्रदेश में स्थित भारत के सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क विक्रम उद्योगपुरी में 28 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक सामान्य अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (सीईटीपी) का लोकार्पण भी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को विक्रम व्यापार मेला उज्जैन में आयोजित औद्योगिक इकाइयों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि व्यापार वचन से होता है, व्यापार में वचन का ही सर्वाधिक महत्व है। मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिकरण और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दिए गए वचनों को पूरा करने संपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की 73 औद्योगिक इकाइयों को 441 करोड़ की निवेश प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से प्रदेश को नंबर 1 बनायेंगे। प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। हमने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने का जो सपना देखा है, वो साकार हो रहा है। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उज्जैन, इंदौर, देवास, धार, शाजापुर जिलों को मिलाकर एक नए मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने की कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन और विदिशा को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाया जाएगा। जबलपुर, ग्वालियर और उनके आस-पास के जिलों का भी विकास मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में भविष्य में किया जाएगा। इससे व्यापार और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव-2025 का आयोजन भी किया जा रहा है। विक्रम व्यापार मेले में भी व्यापार व्यापक स्तर पर हो रहा है और बहुत अधिक संख्या में गाड़िया बिक रही है। अगले कुछ वर्षों में हम भव्य स्तर पर सिंहस्थ-2028 महापर्व का भी आयोजन करेंगे। आस्था का ये महाकुंभ अर्थव्यवस्था को गति देने में इतिहास लिखेगा और उज्जैन को प्रमुख वैश्विक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करेगा। इस वर्ष 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत



किया गया है। बजट में सिंहस्थ के लिए 2 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया है, जो आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करने के कार्य के लिए है। लाड़ली बहना हमारे प्रदेश का गौरव है, बजट में लाड़ली बहनों का विशेष ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में अमूल द्वारा दूध प्र-संस्करण का कारखाना भी स्थापित किया गया है। प्रदेश की सांची डेयरी को भी अमूल की तर्ज पर विकसित कर सांची को हम प्रदेश की पहचान बनाएंगे। उज्जैन में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा श्री महाकाल महालोक बनाए जाने के बाद धार्मिक पर्यटन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2022 से अभी तक जिले में 60 करोड़ से अधिक धार्मिक पर्यटक आए है जिससे जिले में होटल व्यवसाय ने भी बहुत तरक्की की है। इस प्रकार उद्योग के साथ आध्यात्मिक विकास का भी ध्यान रखा जा रहा है।

#### प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 का हुआ सफल आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भोपाल में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ। जीआईएस में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 18 नई औद्योगिक नीतियों की शुरूआत की। समिट के दौरान 70 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग हुई और प्रदेश को 26.61 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो 17 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने का अवसर प्रदान करेंगे। जीआईएस में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए विगत एक माह में 19 नवीन औद्योगिक इकाइयों को 315 हैक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। प्रदेश को 9168 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हो चुका है और इससे 13 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

---

## न्यूज ब्रीफ

### दिशा सालियान के पिता बोले- आदित्य ठाकरे को बचाया

**मुंबई।** दिशा सालियान मर्डर केस में पिता सतीश सालियान ने मंगलवार को मुंबई के पुलिस कमिश्नर दफ्तर में शिकायती पत्र दिया। इसमें शिवसेना (UBT) लीडर उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे को दिशा की मौत का आरोपी बताया है। उन्होंने आदित्य के अलावा एक्टर डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, उनका बॉडीगार्ड परमबीर सिंह, सचिन वाजे और एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को भी आरोपी बताया है। पिता सतीश सालियान के वकील निलेश ओझा ने इसकी जानकारी दी। ओझा ने बताया, दिशा के पिता सतीश ने परमबीर को इस केस को छिपाने का मास्टरमाइंड बताया है। उसने आदित्य ठाकरे को बचाने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और झूठ बोला। NCB की जांच रिपोर्ट से भी यह साफ होता है कि आदित्य ड्रग कारोबार में शामिल था। दिशा एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। सुशांत की मौत से एक हफ्ते पहले उनकी भी मौत हुई थी। 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके की 14वीं मंजिल से गिरकर दिशा की मौत हो गई थी।

### कन्नड़ एक्ट्रेस ने कबूला- हवाला के पैसों से सोना खरीदा

**बेंगलुरु।** गोल्ड स्मगलिंग केस में मंगलवार को रान्या राव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान डायरेक्टरेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस (DRI) की वकील मधु राव ने कोर्ट को बताया कि रान्या ने सोने की खरीद में हवाला का पैसा इस्तेमाल होने की बात कबूली है। वकील ने यह भी बताया कि अधिकारियों ने रान्या राव के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करने के लिए धारा 108 के तहत नोटिस जारी किया है। इससे अन्य वित्तीय अनियमितताओं का पता चल सकेगा। बेंगलुरु सेशन कोर्ट ने रान्या की जमानत पर फैसला 27 मार्च तक सुरक्षित रख लिया है। अब तक दो बार रान्या की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। पहले निचली अदालत और दूसरी बार आर्थिक अपराधों की विशेष अदालत जमानत याचिका खारिज कर चुकी है। कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 14.2 kg सोने के साथ गिरफ्तार हुई थी।

---

### फाइनेंस बिल-2025 पैंतीस बदलावों के साथ लोकसभा में पास

# ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6% डिजिटल टैक्स खत्म

### अब राज्यसभा में पेश होगा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल-2025 पैंतीस बदलावों के साथ पास हो गया। इनमें ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6% डिजिटल टैक्स खत्म करना शामिल है। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

**लोकसभा**

राज्यसभा से मंजूरी के बाद 2025-26 के लिए बजट प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस साल सरकार ने कुल 50.65 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। यह चालू वित्त वर्ष से 7.4% ज्यादा है।

बजट दस्तावेजों के अनुसार 1 अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में केंद्र की योजनाओं के लिए 5.42 लाख करोड़ रुपए रखे गए हैं। वहीं, राज्यों को दी जाने वाली कुल राशि 25.01 लाख करोड़ रुपए है, जो 2023-24 से 4.92 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है।

अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 4.4% रहने का अनुमान है, जबकि चालू वित्त वर्ष में यह 4.8% था। वहीं, GDP 356.98 लाख करोड़ रुपए अनुमानित है। यह नेशनल स्टेटिस्टिकल ऑफिस (NSO) के चालू वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान 324.11 लाख करोड़ रुपए से 10.1% ज्यादा है।



#### TMC सांसद बोले- कृषि मंत्री दलाल हैं

तृणमूल कांग्रेस (TMC) सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। सांसद केंद्र पर पश्चिम बंगाल को मनरेगा के लिए मिलने वाला फंड रोकने का आरोप लगा रहे थे। इस दौरान TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने कृषि मंत्री शिवराज चौहान को दलाल कहा। बनर्जी ने कहा- शिवराज बंगालियों के खिलाफ हैं। वे गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रहे। शिवराज अमीरों के दलाल हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश के गरीबों के लिए काम नहीं किया इसलिए सीएम पद से हटा दिए गए।

#### शिवकुमार पर गलत बयान देकर सदन को गुमराह करने का आरोप

उधर कांग्रेस ने लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। पार्टी ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर गलत बयान देकर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया।

#### नए आयकर बिल पर मानसून सत्र में चर्चा

नए आयकर बिल पर मानसून सत्र में चर्चा होगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि नए आयकर बिल पर मानसून सत्र में चर्चा होगी। बिल अभी सेलेक्ट कमेटी के पास है। कमेटी को अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट देनी है। मौजूदा कानून में 819 धाराएं हैं जबकि नए कानून में सिर्फ 536 धाराएं होंगीं। चैप्टर भी 47 से घटकर 23 रह जाएंगे। इसके अलावा 1200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हट जाएंगे। उधर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ न्यायपालिका से जुड़े मुद्दों पर मल्लिकार्जुन खड़गे, जेपी नड्डा, जयराम रमेश समेत कई सांसदों के साथ बैठक की। लोकसभा में भी शून्यकाल के दौरान कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर मिले कैश मामले पर चर्चा की मांग की थी। इसके अलावा लोकसभा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव (ONOE) पर JPC का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ा दिया।

---

### CM बोलीं- AAP ने शीशमहल बनाए, हम गरीबों के घर बनाएंगे

# दिल्ली में पहली बार 1 लाख करोड़ का बजट

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीवेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। साथ ही दिल्ली सरकार भी इसमें अपनी ओर से 5 लाख रुपए जोड़ रही है। यानी आयुष्मान योजना के तहत 10 लाख का इलाज मुफ्त मिलेगा।

**बजट**

रेखा गुप्ता ने कहा- AAP ने अपना शीश महल बनवाया, हम गरीबों के घर बनाएंगे। आपने लाखों रुपए के टॉयलेट बनवाए, हम झुग्गी वालों के लिए शौचालय बनवाएंगे। उन्होंने कहा- केजरीवाल ने अपने फायदे के लिए आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी। वे चाहते थे कि योजना में उनका भी नाम चलाया जाए, ताकि उनका प्रचार हो। उनकी जिद की वजह से दिल्ली वासियों को सालों तक योजना का लाभ नहीं मिला। रेखा गुप्ता ने मातृत्व वंदन परियोजना के लिए 210 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली में महिला सुरक्षा के लिए 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे।



#### CM रेखा के विपक्ष पर बयान...

एक समय दिल्ली के मालिक ने दिल्ली वासियों को सपना दिखाया था कि वो दिल्ली को लंदन बना देंगे। लेकिन टूटी सड़कें, ट्रैफिक जाम, अधूरे प्रोजेक्ट ने इस महानगर को एक अराजक राजधानी बना दिया। केजरीवाल ने अपने फायदे के लिए आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी।

---

### 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर JPC की बैठक हुई: अटॉर्नी जनरल बोले-

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' विधेयक संविधान की विशेषता को प्रभावित नहीं करता

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

'एक देश-एक चुनाव' पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की मंगलवार को बैठक हुई। इसमें अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल, जेपीसी सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा समेत और अन्य लोग पहुंचे।

**बैठक**

सूत्रों के मुताबिक अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी ने JPC से कहा- प्रस्तावित कानूनों में किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है। एक साथ चुनाव कराने के विधेयक संविधान की किसी भी विशेषता को प्रभावित नहीं



करते। ये कानून की दृष्टि से सही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व CJ डी एन पटेल ने 'एक देश एक चुनाव' प्रस्ताव के पॉजिटिव पहलुओं के साथ इसकी चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि लॉन्ग टर्म में इससे बेहतर शासन में मदद मिलेगी। राजनीतिक दलों के बेहतर आकलन हो सकेगा। चुनाव की लागत कम होगी। हालांकि, उन्होंने प्रस्तावों के सामने आने वाली चुनौतियों में राज्य की स्वतंत्रता पर संभावित प्रभाव के साथ प्रशासन की चिंता, क्षेत्रीय मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दों के हावी होने की भी बात कही। साथ ही कुछ अनुच्छेदों में संशोधन की आवश्यकता की संवैधानिक बाधाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य चुनावों को लोकसभा चुनावों के साथ कराने के लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि वेंकटरमणी ने सदस्यों से कहा कि वे केंद्र सरकार के नहीं, भारत के अटॉर्नी जनरल हैं। इसलिए ऐसा नहीं सोचें की मैं इस मामले में केंद्र सरकार की राय का समर्थन करूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे भेजे गए सवालों के जबाव देंगे। भाजपा सांसद और JPC अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि एक साथ चुनाव कराना देश के हित में है। समिति इसे लागू करने के सर्वोत्तम तरीकों पर विचार-विमर्श कर रही है। कानूनी विशेषज्ञों से मिली राय समिति को अपनी सिफारिशें तैयार करने में मदद करेंगी।

एक देश-एक चुनाव क्या है... भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। एक देश-एक चुनाव का मतलब लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से है। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय वोट डालेंगे।

आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद दिसंबर, 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

### एयरपोर्ट से संचालित शारजाह, पुणे, जयपुर, दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों की करीब एक दर्जन उड़ानों का समय बदलेगा

# 1 अप्रैल से 8 घंटे ठप रहेगा एयरपोर्ट, 3 फ्लाइट होंगी बंद

**संवाददाता ● इंदौर**

देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर रात में छह घंटे उड़ानों का संचालन बंद कर रन-वे सुधार का कार्य किया जा रहा है। 30 मार्च से लागू होने वाले समर सीजन में इस समय को दो घंटे बढ़ाकर आठ घंटे किया जा रहा है। ऐसे में एयरपोर्ट से संचालित शारजाह, पुणे, जयपुर, दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों की करीब एक दर्जन उड़ानों का समय बदलेगा। वहीं जयपुर, लखनऊ और बेंगलुरु से रात में आने वाली उड़ानें बंद होंगी। एक अप्रैल से रात 10.30 से सुबह 6.30 बजे तक सुधार कार्य होगा। ऐसे में 30 मार्च से लागू होने वाले समर सीजन में विमान कपंनियों ने अपने शेड्यूल में परिवर्तन किया है। रात में डेढ़ घंटे में संचालित सात उड़ानें और सुबह संचालित पांच उड़ानों का समय बदलेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि रनवे सुधार नियमित प्रक्रिया है। पुरानी डामर को निकालकर नई डामर बिछाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में कई उड़ानों का समय बदलेगा। कई उड़ानें नंबर परिवर्तन के साथ बदले समय पर संचालित होगी।

**बदलाव**

### 25 करोड़ की आएगी लागत 1 साल में पूरा होगा काम

इंदौर एयरपोर्ट रनवे सुधार का कार्य नियमित प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। 25 करोड़ की लागत से यह कार्य पूर्ण होगा।15 फरवरी से इंदौर एयरपोर्ट के 2750 मीटर लंबे रनवे पर बिछी डामर की परत को हटाकर नई परत बिछाने का काम शुरु किया गया है। यह कार्य एक साल तक चलेगा और चार से पांच इंच मोटी डामर बिछाने के बाद साइड में साइनेज और लाइट्स लगाए जाएंगे।

**ये हो जाएगा शारजाह उड़ान का समय**

**शारजाह-इंदौर-** आइएक्स-256 उड़ान यूएई के समय अनुसार शाम 4.25 बजे शारजाह से रवाना होकर रात 9.30 बजे इंदौर पहुंचेगी।
**इंदौर-शारजाह-** आइएक्स 255 उड़ान इंदौर से रात 10.10 बजे रवाना होकर यूएई के समय अनुसार रात 12.05 बजे शारजाह पहुंचेगी।




**ये उड़ानें होंगी बंद**

जयपुर-इंदौर रात 10.40 बजे
लखनऊ-इंदौर रात 11.15 बजे
बेंगलुरु-इंदौर रात 11.20 बजे

### ये उड़ानें होंगी प्रभावित

- सुबह 6 से 6.10 बजे के बीच की उड़ान
- इंदौर-लखनऊ उड़ान सुबह 6 बजे
- इंदौर-बेंगलुरु सुबह 6.10 बजे
- इंदौर-जयपुर सुबह 6.20 बजे
- पुणे-इंदौर सुबह 6.10 बजे

### रात में 10.30 से 12 बजे के बीच की उड़ान

- शारजाह-इंदौर रात 10.30 बजे
- दिल्ली-इंदौर रात 10.35 बजे
- इंदौर-मुंबई रात 10.55 बजे
- ● मुंबई-इंदौर रात 11 बजे
- इंदौर-दिल्ली रात 11.10 बजे
- इंदौर-पुणे रात 11.50 बजे
- इंदौर-शारजाह रात 11.55 बजे

## शॉट न्यूज

### फुटपाथ के दुकानदार मना रहे हैं अधिकारी-कर्मचारियों का बर्थडे!

**इंदौर।** एक ओर जहां शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर निगम के ही रिमूवल विभाग के झोन 12 के अधिकारी राजवाड़ा व आसपास के फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले माफियाओं साथ मिलकर अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस आशय का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने बताया कि ऐसे में नगर निगम की पारदर्शिता खुलेआम नजर आ रही है। इन निगम कर्मियों द्वारा जिस प्रकार से जन्मदिन मनाया जा रहा है, उससे साफ नजर आता है जहां एक ओर कलेक्टर आशीष सिंह व निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने राजवाड़ा के आसपास का निरीक्षण कर बार-बार कहा है कि फुटपाथ पर दुकान न लगे, परंतु निगम के अधिकारियों के संरक्षण में फुटपाथ पर ही दुकान लगाई जा रही है।

### एलपीजी रीफिलिंग के दौरान आग भभकी, 2 कर्मचारी झुलसे

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में एक दुकान के ऊपर बंद कमरे में गैस रीफिलिंग का काम कर रहे दो कर्मचारी अचानक आग लगने से झुलस गए। पुलिस के मुताबिक घटना मूसाखेड़ी इलाके की है। यहां मंगलवार को एलपीजी सिलेंडर से अवैध तरीके से गैस रीफिलिंग का काम किया जा रहा था। तभी अचानक आग भभक गई। कमरे में गैस फैलने से वहां मौजूद दो कर्मचारी, लक्की और मनोज यादव बुरी तरह झुलस गए। आग बुझाने के लिए स्थानीय रहवासियों ने पानी डाला, वहीं फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही आजाद नगर पुलिस भी मौके पर पहुंची। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। टीआई विजय सिसौदिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 'दिशा भर्तन' दुकान में हादसा हुआ है। इसे सन्नी यादव संचालित कर रहा था। इस दुकान में अवैध रूप से गैस रीफिलिंग का काम किया जा रहा था।

### म्यूचुअल अकाउंट मुहैया करवाने वाली महिला को धरदबोचा

**इंदौर।** झालावाड़ जिले में साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए इंदौर निवासी एक महिला को गिरफ्तारकिया है। आरोपी महिला ने अपने म्यूचुअल अकाउंट का उपयोग कर ठगी करने वालों की मदद की थी। इस मामले में पीड़ित दीपक पाटोदी की शिकायत पर कार्रवाई की गई, जिनके बैंक खाते से 1.67 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। जानकारी के अनुसार झालावाड़ निवासी दीपक पाटोदी के साथ यह ठगी 26 फरवरी को हुई। उन्हें वॉट्सऐप पर केनरा बैंक के नाम से एक APK File मिली, जिसे उन्होंने अनजाने में डाउनलोड कर लिया। फाइल डाउनलोड होते ही उनका मोबाइल पूरी तरह हैक हो गया। इसके बाद उनके फोन पर आने वाले ओटीपी और बैंक से जुड़े अन्य मैसेज किसी अज्ञात नंबर पर फॉरवर्ड होने लगे।

### निगम की जनसुनवाई में शिकायत : आयुक्त ने FIR करने के दिए निर्देश

# मनमाना टैक्स लेकर कम जमा करा रहा था बिल!

**संवाददाता ● इंदौर**

आयुक्त शिवम वर्मा ने मंगलवार को निगम मुख्यालय के अपने कक्ष में समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री व विभाग प्रमुखों के साथ जनसुनवाई की। इस अवसर पर उन्होंने प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान आवेदनकर्ता तेजकरण पिता मोहनलाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए, उल्लेख किया गया कि झोन क्रमांक 04 संगम नगर क्षेत्र झोन में वार्ड 12 में प्रभारी बिल कलेक्टर के पद पर कार्यरत विनियमित कर्मचारी हेमराज जारवाल द्वारा कचरा प्रबंधन शुल्क के साथ ही संपतिकर की राशि निगम खजाने में जमा न कराते हुए निजी उपयोग किया जा रहा है। इस पर आयुक्त वर्मा द्वारा संबंधित प्रकरण की जांच के निर्देश क्रम में पाया गया कि प्रभारी बिल कलेक्टर हेमराज जारवाल द्वारा करदाताओ से कर संबंधित अधिक राशि ली जाकर कम राशि की रसीद करदाताओं को दी जा रही है, जिस पर निगम को वित्तीय हानि पहुंचाने पर संबंधित विनियमित कर्मचारी हेमराज जारवाल के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्त कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये।

**निर्देश**



### 52 आवेदन मिले

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में की गई जन सुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूवल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागों के 52 आवेदन आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किये गये। आयुक्त द्वारा नागरिकों को समक्ष में सुना गया तथा प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

### जनसुनवाई : कलेक्टर ने शिकायतें सुनने के साथ सहायता भी की

कलेक्टोरेट में मंगलवार को जनसुनवाई में इस बार भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर आशीष सिंह ने भी कई शिकायतों को सुना और इनके निराकरंण के आदेश संबंधित विभाग को दिए। इसके अलावा जनसुनवाई में शिक्षा,स्वास्थ्य और आर्थिक मदद के लिए भी आवेदन मिले हैं, जिसमें से कई लोगों को मौके पर ही मदद की गई है। पारिवारिक विवाद के भी कई आवेदन मिले है, कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से सभी आवेदनों पर सुनवाई करते हुए इनका निराकरंण किया जा रहा है। इसके अलावा कुछ लोगों को कानूनी मदद के लिए प्रशासन से वकील उपलब्ध करवाने के साथ ही उचित सहायता भी की जा रही है। संबंधित अधिकारियों को भी आदेश दिए गए है कि जनसुनवाई में मिली सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया जाए। वहीं लगातार जनसुनवाई में पहुँचने



वाले आवेदकों की शिकायतों को टीएल बैठक के लिए भेजा गया है। इस कड़ी में अपर कलेक्टर गौरव बैनर ने भी अपने कक्ष में जनसुनवाई की और पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि उन्हें कई पीड़ितों ने आवेदन सौंपकर समस्याएं बताई हैं। संबंधित विभाग को जांच के लिए आवेदन भेज दिए गए हैं और रेडक्रॉस के माध्यम से पीड़ितों की आर्थिक सहायता भी की गई है। सभी आवेदनों की जांच कर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि रेडक्रॉस के माध्यम से पीड़ितों की आर्थिक सहायता की जाएगी, ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### दो सीनियर IAS अफसरों पर भारी पड़ गया चौकीदार!

इंदौर। मप्र के दो सीनियर आईएएस अधिकारियों पर एक चौकीदार भारी पड़ गया। यह आईएएस हैं- संजीव कुमार झा और ललित दाहिमा। दोनों ही राजस्व बोर्ड में पदस्थ है। इस घटना से संभागायुक्त (कमिश्नर) ऑफिस में जमकर हंगामा मच गया। इसे लेकर दोनों अधिकारियों ने जमकर भड़ास भी निकाली। झा और दाहिमा दोनों ही राजस्व बोर्ड के लिए इंदौर आए हुए हैं। मंगलवार सुबह 11 बजे से उनका बोर्ड था। वह कार से संभागायुक्त कार्यालय के लिए आ रहे थे, तभी नई पार्किंग व्यवस्था के तहत गार्ड ने उनकी कार को बाहर ही रोक दिया। इस पर उन्होंने परिचय दिया कि बोर्ड मेंबर हैं, लेकिन चौकीदार को समझ नहीं आया कि ये क्या होता है। उन्होंने मना कर दिया कि केवल अधिकारी ही कार से अंदर जा सकते हैं। आप तो पार्किंग में वाहन खड़े करो। इसी बात पर आधे घंटे तक बहस हुई। इस दौरान आईएएस के साथ आया प्यून कार से बाहर आ गया और उसका व गार्ड का भी भारी विवाद हो गया। इसके बाद बात अधिकारियों से होती हुई संभागायुक्त तक पहुंची। इस पर स्टाफ बाहर आया और चौकीदार को पीछे कर गेट खुलवाकर कार को अंदर लाया गया।

### आइकॉनिक व्यावसायिक टॉवर बनेगा, हुकुमचंद मिल परिसर का होगा कायाकल्प

# मध्यम और कमजोर वर्ग के लिए आवासों का निर्माण प्राथमिकता से : विजयवर्गीय

**संवाददाता ● इंदौर**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मप्र हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि बोर्ड समाज के मध्यम और कमजोर वर्ग के आवासों की आवश्यकता को पूरा करने को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि बोर्ड अपने कामों की गुणवत्ता से आम जनता के बीच में अपनी साख को और मजबूत करे। बोर्ड अपने प्रत्येक प्रोजेक्ट की गहन समीक्षा करे और इसे नियत टाइम फ्रेम में पूरा किया जाये। मंत्री विजयवर्गीय मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के निर्माण कार्यों की बैठक में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला भी मौजूद थे। मंत्री विजयवर्गीय द्वारा अगले 2 माह में बोर्ड की पुनः समीक्षा की जायेगी। मंत्री ने कहा कि बोर्ड के कॉमर्शियल परिसर के समय पर पूरा होने पर क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। बोर्ड



की योजनाओं में विभिन्न एजेंसियों के बीच में किसी तरह की देरी होती है, उसे उनके द्वारा दूर करने का ठोस प्रयास किया जायेगा। बोर्ड जिन आवासीय और व्यावसायिक परिसरों का विकास करता है, भविष्य में वे अच्छी तरह मेंटेन रहें, इसके लिये मैकेनिज्म तैयार किया जाये। जिन परिसरों का विकास बोर्ड द्वारा किया जाये, उनका नामकरण महान हस्तियों के नाम पर किया जाये। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि हुकुमचंद मिल परिसर में बनने वाला व्यावसायिक टॉवर आइकॉनिक हो, इसका ध्यान रखा जाये। बैठक में बताया गया कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा पिछले 5 वर्षों में 815 करोड़ रूपये की संपत्तियों का विक्रय गया है। बोर्ड द्वारा अब तक प्रदेश में 3 लाख 50 हजार से अधिक आवास इकाइयां विकसित की जा चुकी हैं।

## मास्टर प्लान की 8 अधूरी सड़कें व अन्य विकास कार्य जल्द होंगे पूरे

**कलेक्टर की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक में हुआ निर्णय**

**संवाददाता ● इंदौर**

शहर की मास्टर प्लान की अपूर्ण/अप्रारंभ 8 सड़कों का निर्माण और अन्य विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। इन सड़कों का निर्माण और विकास कार्य स्मार्ट सिटी के माध्यम से कराया जायेगा। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, नयन पारीख, डॉ. तृप्ति जैन सहित अन्य सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शहर हित में मास्टर प्लान की अपूर्ण/अप्रारंभ 8 सड़कों का निर्माण अत्यंत जरूरी है। बैठक में बताया गया कि



इन सड़कों में एमआर-5 रोड़ इंदौर वायर फैक्ट्री से बड़ा बांगड़दा तक, एमआर-5 रोड इंदौर वायर फैक्ट्री से सुपर कॉरिडोर तक स्टार्म वाटर लाईन डालने का कार्य, नेमावर रोड-पालदा तिराहा से आरई-2 आईएसबीटी होते हुए बायपास तक मास्टर प्लान सड़क का विकास कार्य, एमआर-9 रोबोट चौराहा से बायपास एवं अनूप टॉकीज के पास सड़क विकास कार्य, आदि सड़क का विकास कार्य शामिल है।

## मेट्रो रूट के निर्माण में लापरवाही बरती ठेकेदार-कंसल्टेंट को अंतिम चेतावनी

**जनकार्य व उद्यान प्रभारी ने किया निरीक्षण**



**संवाददाता ● इंदौर**

जनकार्य एवं उद्यान विभाग प्रभारी राजेंद्र राठौर ने एम.आर.10 ब्रिज से बापट चौराहा होते हुए विजय नगर चौराहा से रोबोट चौराहे तक मेट्रो ट्रेन रूट पर बनाए जा रहे सेंट्रल डिवाइडर कार्य का निरीक्षण किया। यह कार्य 9.95 करोड़ की लागत से लगभग 6.5 किमी की सड़क पर किया जा रहा है। इसके तहत मेट्रो लाइन के कॉलम के दोनों ओर डिवाइडर की दीवार बनाई जा रही है, जिसके बीच में मिट्टी भरकर आकर्षक पौधारोपण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कार्य में गुणवत्ता की कमी और लापरवाही पाए जाने पर राठौर ने ठेकेदार एवं कंसल्टेंट को कड़ी चेतावनी दी। ठेकेदार द्वारा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं करने और कंसल्टेंट द्वारा नियमित सुपरविजन न करने पर प्रभारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्य की गुणवत्ता में शीघ्र सुधार लाने हेतु ठेकेदार मे. ओमप्रकाश हरकचंद मित्तल व कंसल्टेंट अवनीश सिंह को अंतिम चेतावनी जारी की गई। सुधार नहीं होने की स्थिति में टेंडर निरस्त करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री डी.आर. लोधी, सहायक यंत्री, ठेकेदार फर्म के संचालक तथा कंसल्टेंट उपस्थित थे।

### 5 स्टेशनों के बीच हुई जांच : ओके रिपोर्ट मिलते ही कॉमर्शियल रन

# मेट्रो 80 से 100 किमी की रफ्तार से सरपट दौड़ी



**संवाददाता ● इंदौर**

मेट्रो का कॉमर्शियल रन अप्रैल माह में होने की संभावना है। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (CMRS) की टीम 24-25 मार्च को मेट्रो की फाइनल रिपोर्ट लेकर कर रवाना हो चुकी है।बताया जा रहा है कि सीएमआरएस से हरी झंडी मिलते ही इंदौर में मेट्रो का कॉमर्शियल रन शुरू हो जाएगा। इंदौर मेट्रो के संचालन के लिए मेट्रो कोच और ट्रैक से संबंधित अप्रूवल पहले ही रेलवे बोर्ड दे चुका है। बोर्ड के मुताबिक मेट्रो के कोच और बिछाया गए ट्रैक पूरी तरह से फिट हैं। CMRS टीम ने प्रायोरिटी कॉरिडोर पर आने वाले गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर स्टेशन

**जांच**



नंबर 3, 4, 5 और 6 का अलग-अलग निरीक्षण किया। टीम ने स्टेशन पर बने ऑपरेशन रूम, इलेक्ट्रिकल सेक्शन, प्लेटफॉर्म, लिफ्ट, एस्कलेटर सहित अन्य यात्री सुविधाओं की जांच की। इसके अलावा टीम ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के हिस्से में मेट्रो के वाय-डक्ट पर ट्रॉली में बैठकर भी निरीक्षण किया। मेट्रो के कोच में बैठकर

### सरकार पर छोड़ा निर्णय

- रिपोर्ट सौंपने के बाद कॉमर्शियल रन को लेकर सरकार ही निर्णय लेगी। सरकार तय करेगी की कॉमर्शियल रन की तारीख क्या रहेगी और इस खास मौके पर किसे बुलाना है। ओके रिपोर्ट 2 से 10 दिन के अंदर मिलने की संभावना है। रिपोर्ट मिलते ही मेट्रो प्रबंधन कॉमर्शियल रन की तैयारी शुरु कर देगा। सूत्रों की मानें तो 10 से 15 अप्रैल के आसपास रन शुरु हो सकता है।

गति निरीक्षण भी किया। इस दौरान मेट्रो कोच को 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया गया।बीच-बीच में रफ्तार को 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाकर भी देखा गया। बढ़ी हुई स्पीड के दौरान टीम ने कोच में यात्री सुरक्षा और तय स्पीड पर होने वाले कंपन (वाइब्रेशन) की जांच भी की।

**ब्रेकिंग सिस्टम को भी जांचा** - 80 की स्पीड से मेट्रो के प्लेटफॉर्म पर आने के बाद उसके रुकने के दौरान ब्रेकिंग सिस्टम को भी जांचा गया। ट्रेन को अधिकतम गति पर चलाकर, बीच-बीच में ब्रेक लगाकर और कम गति पर चलाकर भी परखा गया।

### उद्यमिता और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

# मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवल 'नवोन्मेष 2025' का शुभारंभ

संवाददाता ● भोपाल

अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी और आईसेक्ट ग्रुप के सहयोग से मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवाल 'नवोन्मेष 2025' का उद्घाटन किया गया। इस कार्निवाल का उद्देश्य उद्यमिता, रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, आईसेक्ट ग्रुप के चेयरमैन श्री संतोष चौबे, स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आईसेक्ट ग्रुप की डाइरेक्टर अदिति चतुर्वेदी वत्स, आईसेक्ट की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और गेट सेट पेरेंट की फाउंडर डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी, एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक डॉ. नितिन वत्स, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आर.पी. दुबे, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह और कुलसचिव डॉ. सीतेश सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी द्वारा स्वागत वक्तव्य से हुई। उन्होंने बताया कि नवोन्मेष 2025 में देशभर से 1600 पार्टिसिपेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया। जिसमें 440 पार्टिसिपेंट्स को चयनित किया गया।

**उद्घाटन**

**मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने विद्यार्थियों को दिया सशक्त संदेश –** मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री ने कार्यक्रम में श्री संतोष चौबे द्वारा किए गए नवोन्मेष कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि श्री चौबे की दीर्घ तपस्या और अथक प्रयासों से स्किल्ड पेशेवरों की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी, जिससे उद्योग जगत को योग्य कर्मियों की आवश्यकता पूरी हो सकेगी। आगे उन्होंने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में स्किल्ड लोग नहीं मिल रहे हैं, और श्री संतोष चौबे जी द्वारा किए जा रहे प्रयासों से इस कमी को पूरा किया जा सकेगा। उनके कार्य से विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा और कृषि क्षेत्र में भी समाधान प्राप्त होगा। इसके अलावा, यहां जो स्टार्टअप्स आए हैं, वे रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएंगे। इसके अतिरिक्त, मंत्री जी ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की महत्ता को स्वीकार करते हुए कहा, भारत की ज्ञान परंपरा में विज्ञान, चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा की परंपरा समृद्ध रही है। हमें इसे पुनः शोधित करके मनुष्य के जीवन के लिए उपयोगी बनाना होगा।



## आरओआई का माइंडसेट से मिलती है सफलता : अमन गुप्ता

कार्यक्रम में शार्क टैंक फेम और बोट कंपनी के को-फाउंडर अमन गुप्ता का की-नोट सेशन आयोजित किया गया जिसे डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी ने मॉडरेट किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सक्सेस की जर्नी साझा करते हुए कहा कि माता पिता नौकरियों में थे तो एक मीडिल क्लास फैमिली वाली लाइफ को जिया है। पर हमेशा मन में अंदर से एक प्रेरणा आती थी कि हम भी कर लेंगे, कोई न कोई बिजनेस हम भी बना लेंगे। इसी प्रेरणा के चलते पहले सीए किया, फिर इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए किया। इसके बाद जेबीएल में जॉब कर रहे थे तो समझ आया कि बिजनेस करना है फिर क्या पांच बिजनेस ट्राय किए उसके बाद बोट के जरिए सफलता मिली। अपने वक्तव्य में उन्होंने सफलता के लिए 3 चीजों को आवश्यक बताया जिसमें पहला, "पर्सिसटेंस" यानि आप लगातार और बार-बार प्रयास करते रहें, दूसरा - "रिटर्न ऑफ इंवेस्टमेंट" (आरओआई) का माइंडसेट रखना चाहिए यानी 10 रुपए खर्च करो तो 100 बनाने पर दिमाग लगाते रहो। तीसरा- गवर्नेंस और एथिक्स का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि अक्सर स्टार्टअप गलत रास्ते पर चले जाते हैं और डूब जाते हैं। भारत में वर्तमान में स्टार्टअप परिदृष्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत में बहुत अच्छा समय है स्टार्टअप्स के लिए। इंटरप्रेन्योर्स भी सेलेब्रिटी बनने लगे हैं वरना अब तक केवल क्रिकेटर या एक्टर ही सेलेब्रिटी बन पाते थे। स्टार्टअप शुरु करना भी आसान है। अगर आपके पास अच्छा आईडिया हो तो ठीक नहीं तो आप कोई चलते हुए बिजनेस आईडिया को कॉपी करके बेहतर एक्जीक्यूशन के जरिए भी अपना बिजनेस बना सकते हैं। यह आवश्यक है कि आईडिया को तेजी से एग्जीक्यूट किया जाए। शार्क टैंक के बारे में बात करते हुए कहा अमन गुप्ता ने कहा कि यह शायद देश का अकेला नॉन स्क्रिप्टेड शो है और इसमें शार्क्स को भी नहीं पता होता है कि अगली पिच कौन सी आने वाली है।

### यंग इन्वेंटर्स फेयर: छात्रों के नवाचारों का प्रदर्शन

यंग इन्वेंटर्स फेयर के तहत देशभर के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के छात्रों ने 20 से अधिक नवाचारों का प्रदर्शन किया जिसमें प्रमुख रहे- मोबाइल आधारित अक्षय ऊर्जा समाधान, मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड रोबोट, SOS हेलमेट, ई-डस्टबिन, महिला सुरक्षा सैंडल, स्वायत्त रोबोट, बायोफ्यूज़, डिफेंस ड्रोन, वॉयस और फेस रिकग्निशन के साथ सामान्य प्रयोजन डेस्कटॉप एप्लिकेशन, स्वायत्त डिलीवरी रोबोट, हर्बल कैंडी, AI नेक्स्टयू इंटरफेस, वॉटस्मार्ट विजार्ड, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS), इंट्रावीनस ड्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम, चेनलेस साइकिल, AI आधारित वैज्ञानिक खोज और निदान, वॉयस-कंट्रोल्ड रोबोट।

### स्टार्टअप एक्सपो: उभरते उद्यमों का प्रदर्शन

नवोन्मेष 2025 के स्टार्टअप एक्सपो में 25 से अधिक स्टार्टअप्स अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें फिनटेक सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। प्रमुख प्रतिभागियों में लिप केयर ब्रांड "अलाना", इको फ्रेंडली प्रोडक्ट शोकेस कर रहा "रमन ग्रीन", उच्च गुणवत्ता वाली चाय पेश कर रही "हरितिमा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड", प्राकृतिक उत्पादों को पेश कर रही "बाइसो ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स"।

### रोबो फाइट और रोबो रेस

दिन का विशेष आकर्षण रोबो फाइट रही जहां देशभर से आई 23 टीम्स हिस्सेदारी कर रही हैं। इस दौरान 15 किग्रा कैटेगरी में रोबोट्स की रोचक फाइट देखने को मिली। इसके अलावा रोबो रेस में पहले से तय किए गए पाथ पर चलकर रोबोट्स ने रेस में टेक्नोलॉजी का दम दिखा।

## शॉट न्यूज

### एमडी ड्रग पेडलर गिरोह के 6 गिरफ्तार

**इंदौर।** परदेशीपुरा पुलिस ने एमडी ड्रग पेडलर गिरोह का पर्दाफाश किया है। 12 मार्च को पुलिस ने गुलशन नरगावे नामक आरोपी को पकड़ा था, जो कई वर्षों से राजस्थान के जरिए इंदौर में नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा था। उसके पास से 255 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई थी। डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में गुलशन से नशा खरीदकर शहर में सप्लाई करने वाले आरोपियों की तलाश की गई और पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें राजा उर्फ कचोरी पिता देवकरण श्रीवास (निवासी नंदानगर), यश उर्फ पोलाड पिता किरण कालरा (निवासी एमआईजी), आईवन पिता रोशन जेराल्ड (निवासी पुष्प नगर, खजराना), रोहन पिता राजेश आदित्य पिता प्रमोद गुप्ता (निवासी वैभव नगर, कनाडिया) और राहुल पिता सुरेश पटेल (निवासी बदनावर, धार) शामिल हैं।

### छात्रा से छेड़छाड़, कार में जबरन बैठाने की कोशिश, केस दर्ज

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी जो पीड़िता का परिचित है, कार से आया और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। विजयनगर पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय छात्रा ने कार्तिक मसकारे के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। घटना सोमवार दोपहर की है, जब छात्रा बाजार जाने के लिए घर से निकली थी। गली के मोड़ पर इलाके में रहने वाला कार्तिक कार से पहुंचा, उसने ड्राइवर सीट का शीशा नीचे किया और छात्रा का हाथ पकड़कर जबरन कार में बैठाने की कोशिश करने लगा। उसने छात्रा से कहा कि वह उससे बहुत प्यार करता है।

### बस से डोडा चूरा की खेप पकड़ी ऑटो ड्राइवर सहित 3 धराए

**इंदौर।** पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड के पास एक बस से आई डोडा चूरा की खेप बरामद कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। यह खेप नीमच से लाई गई थी और ऑटो ड्राइवर इसे डिलीवरी के लिए ले जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने ऑटो रोका और तलाशी लेने पर उसमें कागज के डिब्बों में भरा डोडा चूरा बरामद किया। डीसीपी ऋषिकेश मीना के निर्देश पर गंगवाल बस स्टैंड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक ऑटो को रोका गया, जिसे रईस उर्फ कल्लू पुत्र रसीद खान (निवासी चंदन नगर) चला रहा था। ऑटो में पीछे दो पार्सल रखे थे। जब पुलिस ने उन्हें खोलकर देखा तो उसमें डोडा चूरा भरा मिला। पूछताछ में रईस ने बताया कि उसे राहुल (निवासी मनासा, नीमच) ने फोन कर यह पार्सल लेने को कहा था। पार्सल जयश्री बस के कंडक्टर सलीम (निवासी नीमच) द्वारा सौंपा गया था।

# पता पूछने के बहाने बाइक सवार दो बदमाश चेन छीनकर भागे

### हाथ पर बने टैटू को लेकर संदिग्धों से की जा रही पूछताछ

संवाददाता ● इंदौर

तुकोगंज इलाके में एक महिला के साथ चेन लूट की वारदात उस समय हुई, जब वह अपने चचेरे भाई के साथ घूम रही थी। वारदात के बाद महिला ने पहले दिन पुलिस को सूचना दी, लेकिन शहर से बाहर जाने के कारण वह सोमवार को थाने पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज करा पाई। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि एक आरोपी के हाथ पर टैटू बना था, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिल रही है।

**वारदात**

तुकोगंज पुलिस के अनुसार श्रद्धा जैन निवासी रानी सती गेट की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया गया है। श्रद्धा ने बताया कि 21 मार्च की देर शाम वह अपने भाई प्रखर के साथ टहल रही थी। तभी काले रंग की बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे। उनमें से एक ने पता पूछने के बहाने गले से झपट्टा मारकर सोने की चेन छीनने की कोशिश की। महिला ने तुरंत बचाव किया और आरोपी का हाथ पकड़ लिया, जिससे आधी चेन उसके हाथ में ही रह गई। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। श्रद्धा ने पुलिस को आरोपियों के हुलिए बताए, जिनके आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



### लसूडिया इलाके में भी लूट की वारदात

जानकारी के अनुसार, इन बदमाशों ने लसूडिया इलाके में भी एक महिला से चेन लूट की घटना को अंजाम दिया। ऐसा माना जा रहा है कि तुकोगंज की वारदात से पहले ही इन आरोपियों ने लसूडिया में लूट की थी। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में राजभाषा पत्रिका मंडल संवाद का विमोचन



संवाददाता ● भोपाल

भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भोपाल में राजभाषा तिमाही प्रगति बैठक के अवसर पर राजभाषा पत्रिका मंडल संवाद के महिला सशक्तिकारण विशेषांक का विमोचन श्री देवाशीष त्रिपाठी , मंडल रेल प्रबंधक भोपाल द्वारा किया गया। बड़े गर्व की बात है कि इस वर्ष मराठा साम्राज्य की महारानी पुण्यश्लोका अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव (300वीं जयंती ) के उपलक्ष्य में मंडल संवाद का यह अंक उन्हें समर्पित किया गया। त्रिपाठी ने इसके लिए बड़ी प्रसन्नता जाहिर की और सभी उपस्थितों को यह अंक पढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने सभी सदस्यों को कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित करने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्रीमती रश्मि दिवाकर , अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री योगेन्द्र बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का सञ्चालन श्रीमती हर्षा मुसलगाँवकर , वरिष्ठ अनुवादक तथा आभार प्रदर्शन श्री प्रदीप कुंडलकर , प्रभारी राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया?

### खिलाड़ियो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

# एलएनसीटी महिला वर्ग मे पुरुष वर्ग में जेएनसीटी ओवरऑल चैंपियन



संवाददाता ● भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में लक्ष्मी नारायण कालेज ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल ड्रॉप रोबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन एलएनसीटी केंपस रायसेन रोड भोपाल मे किया गया। जिसमे भोपाल नोडल के 06 महाविद्यालयो के 80 से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ियो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ड्रॉप रोबॉल महिला वर्ग मे 02 स्वर्ण पदक एवं 01 रजत पदक के साथ एलएनसीटी ओवरऑल चैंपियन एवं सिस्टक जी 01 स्वर्ण पदक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। पुरुष वर्ग में 02 स्वर्ण एवं 01 रजत पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन एंव एलएनसीटी 01 स्वर्ण एवं 01 रजत पदक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर डॉ अशोक कुमार राय डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया एवं शुभकमानाएं प्रेषित की इस अवसर पर पंकज कुमार जैन,अमित सिंह,आर के शर्मा,नीलेश,अरुण समेत कई खेल अधिकारी उपस्थित थे। महिला वर्ग के सिंगल फाइनल मुकाबले में सागर की पूर्णिमा ने एलएनसीटी की वैष्णवी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग डबल्स मुकाबले में एलएनसीटी की सारा, सृवजल, मानसी, आस्था ने बंसल मंडीदीप की महक एवं रिद्धि की जोड़ी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। महिला वर्ग ट्रिपल फाइनल मुकाबले मे एलएनसीटी की आशी राठौर, अनुष्का ठाकुर, अनुष्का यादव, सृष्टि सिंह राजपूत ने जेएनसीटी की तान्या सोनी, प्रियांशी कटारे, डिंपल, खुशी,को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया।

**आयोजन**

मिक्स डबल्स फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी की मानसी साहू एवं अंशु की जोड़ी ने जेएनसीटी की अदिति एवं पवन की जोड़ी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। पुरुष वर्ग के सिंगल फाइनल मुकाबले में जेएनसीटी के सचिन गुप्ता ने एलएनसीटी के निवेद को दो 02-01 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग डबल्स फाइनल मुकाबले में जेएनसीटी के कृष्ण गोपाल एवं विशाल ने बंसल मंडीदीप के अभिषेक गुर्जर, अजय शर्मा को 02-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग ट्रिपल फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी के हेमंत, अली, विनीत, अरव, ने जेएनसीटी के हर्षवर्धन, सौरभ, कपिल, को 02-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया स्पर्धा सचिव महेश सोधिया ने बताया कि 1 अप्रैल को आरजीपीवी की ड्रॉप रोबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी।

# श्री गुरुसिंघ सभा पर 60 लाख का टैक्स ऑफिस-दुकानें सील की

संवाददाता ● इंदौर

नगर निगम की टीम ने राजस्व वसूली की कार्रवाई करते हुए जवाहर मार्ग स्थित इमली साहब गुरुद्वारे के ऑफिस सहित दुकानों को सील कर दिया। इन पर लगभग 60 लाख का टैक्स बकाया है। इसके अलावा वार्ड 62 में जूनी इंदौर मस्जिद की 13 दुकानों को भी सील कर दिया गया है। इस मामले में गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष मोनू हरपाल भाटिया और सचिव प्रीतपाल सिंह भाटिया मंगलवार शाम प्रतिनिधिमंडल के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मिले। मोनू भाटिया ने कहा कि दुकानें सील करना था तो कर देते, लेकिन गुरुद्वारे में इस तरह की कार्रवाई सहन नहीं की जा सकती है। इस पर महापौर ने भी कहा कि यह गलत किया गया है। संबंधित को नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद शाम को ऑफिस और दुकानें खोल दी गईं। अध्यक्ष और सचिव ने बताया कि बड़े ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि नगर निगम की टीम द्वारा दुकानें सील करने तक तो समझा जा सकता है कि टैक्स जमा कराए जाने में कोई परेशानी रही होगी, लेकिन गुरुद्वारा साहिब परिसर में सीढ़ियां चढ़कर ऑफिस को सील करना बहुत ही निंदनीय है। सिख समाज इस बात को काफी दूर तक लेकर जाएगा।

**मामला**



**प्रशासन खुद ही संचालन करके देख ले :** दोनों पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि श्री गुरुसिंघ सभा की सभी दुकानों का कुल टैक्स लगभग 60 लाख रुपए है। इसको लेकर हम निगम अफसरों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। हम इसे किस्तों में जमा कर सकते हैं, लेकिन इतनी बड़ी राशि को एकमुश्त देना हमारे लिए संभव नहीं है। हमारी प्रशासन से अपील है कि अगर ऐसी ही स्थिति आगे भी रही तो गुरुद्वारे, चर्च, मंदिर आप खुद ही चलाकर देख लें। हमें इसमें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी।

# फिर विवादों में मंगल सिटी मॉल 30 लाख बकाया, बिजली काटी

संवाददाता ● इंदौर

विजयनगर स्थित मंगल सिटी मॉल एक बार फिर विवादों में आ गया है। इस बार मामला बिजली बिल नहीं भरने का है। इसकी बिजली 5 दिन पहले ही काट दी गई है। अब यहां के दुकानदारों और ऑफिस वालों को मजबूरन जनरेटर से बिजली चलानी पड़ रही है। बिजली अफसरों का कहना है कि मॉल के मालिक को कई बार नोटिस दिए गए और बिल भरने का कहा गया, लेकिन उन्होंने बिल नहीं भरा। इस कारण मजबूरन मॉल की बिजली काटने का निर्णय लिया गया है।

यह मामला विजय नगर थाने के सामने स्थित मंगल सिटी मॉल का है। मंगल सिटी की बिजली का बिल नहीं भरने के कारण उसे काट दिया गया है। ऐसी स्थिति में दुकानदार और ऑफिस संचालक जनरेटर के सहारे बिजली चलाने पर मजबूर हैं। रात के समय केवल दुकानें ही रोशन दिखती हैं। शाम ढ़लते ही यहां के ऑफिस में अंधेरा छा जाता है। इस मॉल में 50 से ज्यादा छोटी व बड़ी दुकानें और ऑफिस हैं। इसी के साथ एक मल्टीप्लेक्स टॉकीज भी है।

**5 महीने से दे रहे नोटिस, नहीं भरा बिल :** बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री डीके तिवारी का कहना है कि मंगल सिटी मॉल पर बिल का लगभग 30 लाख बकाया है। यह बिल लगभग पांच महीने से बकाया है। इसके लिए उन्हें कई बार नोटिस दिए गए और याद दिलाया गया। फिर भी उन्होंने बिल नहीं भरा। इस पर उनके मॉल की बिजली पांच दिन पहले काट दी गई है। जब तक वे बिल की राशि जमा नहीं करेंगे, तब तक बिजली कटी रहेगी।

### कॉलोनी के बंधक प्लॉट्स की बिक्री पर लगाई रोक

# अतुल सुराणा-अरूण डागरिया पर FIR के आदेश

संवाददाता ● इंदौर

जिला प्रशासन ने भूमाफियाओं के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाते हुए अब अरूण डागरिया, अतुल सुराणा और अन्य पर एफआईआर के आदेश दे दिए हैं। इतना ही नहीं, कॉलोनी का विकास नहीं करने के चलते उनकी कॉलोनी के सभी प्लॉट की बिक्री पर रोक लगा दी है और साथ ही कॉलोनी के बंधक प्लॉट राजसात करते हुए विकास कार्य का जिम्मा स्मार्ट सिटी को दे दिया है।

**आदेश**

कलेक्टर आशीष सिंह व कॉलोनी सेल के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर आईएएस गौरव बैनल के पास कॉलोनी सेल में इनकी असरावद खुर्द की 14.557 हेक्टेयर की सेटेलाइट वैली कॉलोनी को लेकर शिकायतें आई थी। इसकी जांच कराई गई और बैनल द्वारा इसमें डागरिया, सुराणा और सेटेलाइट इन्क्लेलव प्रालि के पुष्पेंद्र ठाकुर को नोटिस देकर जवाब लिए गए। इसके बाद आदेश जारी कर तीन आदेश जारी हुए।



### ये जारी हुए तीन आदेश

जांच में सामने आया कि कॉलोनी के बंधक रखे गए 212 प्लॉट में से 168 इन्होंने बेच डाले, जबकि कॉलोनी का विकास काम ही नहीं हुआ और ना ही एनओसी मिली है।

### चार करोड़ के काम अब भी बाकी

प्रशासन की जांच में यह भी आया कि मौके पर कॉलोनी का विकास काम 15 साल में भी पूरा नहीं हुआ है और मौके पर अभी करीब 4 करोड़ का काम बाकी है। इसे पूरा करने के लिए बाकी बचे हुए बंधक प्लॉट को राजसात किया गया है। इन्हें बेचकर स्मार्ट सिटी यह विकास काम पूरा करेगी।

कॉलोनी को साल 2012 में विकास मंजूरी मिली थी इन्हें तीन साल में विकास काम करना था लेकिन अभी तक विकास नहीं किया। कॉलोनाइजर द्वारा विकास काम पूरे करने के एवज में अतिरिक्त राशि मांगी जा रही है। मौके पर विकास हुआ नहीं, इसलिए जिला पंजीयन को आदेश दिए गए हैं कि अब यहां के किसी प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं होगी।

# एआई एक अच्छा मौका है, हम इसे गंवा नहीं सकते

पेरिस में हुई एआई एक्शन समिट में भाग लेने का मुझे भी मौका मिला था। वहां पर कई चचाओं में एआई को सामाजिक रूप से अधिक लाभकारी दिशा में ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। हमें यह पूछकर ही शुरूआत करनी चाहिए कि मानव समाज में क्या मूल्यवान है और क्या आगे बढ़ाने लायक है। जो चीज हम मनुष्यों को इतना खास बनाती है, वह है बड़ी और छोटी समस्याओं के समाधान तैयार करने, नई चीजों को आजमाने और इनोवेटिव प्रयासों में अर्थ खोजने की हमारी क्षमता। हमारे पास न केवल ज्ञान के निर्माण की क्षमता है, बल्कि हम उसे साझा करना भी जानते हैं। हालांकि मानव यात्रा हमेशा ही सहज नहीं रही है, हमारी क्षमताएं, मशीनें और ज्ञान हमें नुकसान भी पहुंचाते हैं, इसके बावजूद निरंतर पूछताछ और सूचनाओं का आदान-प्रदान हमारे लिए जरूरी है।

विगत दो लाख से भी ज्यादा सालों से तकनीक हमारी कहानी के केंद्र में रही है। पत्थर के औजारों से लेकर आज तक, हमने अपनी तमाम चुनौतियों के समाधान खोजे हैं। मौखिक कहानी सुनाने और लेखन के आविष्कार से लेकर प्रिंटिंग प्रेस और इंटरनेट तक, हमने ज्ञान साझा करने के नए और बेहतर तरीके विकसित किए हैं। पिछले 200 सालों में हमने यह भी पता लगा लिया है कि बेहतर और ज्यादा स्वतंत्र रूप से प्रयोग कैसे करें। वैज्ञानिक प्रक्रिया ने हमें स्थापित तथ्य दिए हैं, जिससे प्रत्येक पीढ़ी अपने पूर्ववर्तियों की प्रगति पर और ऊंची इमारत का निर्माण कर सकी है।

इसने पिछली दो शताब्दियों में अधिकांश देशों में शानदार विकास को भी आधार बनाया। जहां आर्थिक विकास ने देशों के बीच और उनके भीतर भारी विषमता पैदा की है, वहीं लगभग हर जगह लोग आज 18वीं सदी की तुलना में ज्यादा स्वस्थ और समृद्ध हैं। एआई मानव कौशल, प्रतिभा और ज्ञान को पूरक बनाकर हमारे निर्णय लेने, प्रयोग करने और

> **विगत दो लाख से भी ज्यादा सालों से तकनीक हमारी कहानी के केंद्र में रही है। पत्थर के औजारों से लेकर आज तक, हमने अपनी तमाम चुनौतियों के समाधान खोजे हैं। मौखिक कहानी सुनाने और लेखन के आविष्कार से लेकर प्रिंटिंग प्रेस और इंटरनेट तक, हमने ज्ञान साझा करने के नए और बेहतर तरीके विकसित किए हैं।**

उपयोगी ज्ञान के अनुप्रयोगों में सुधार करके इसे मजबूत कर सकता है।

कुछ लोग सवाल कर सकते हैं कि क्या हमें इस उद्देश्य के लिए एआई की आवश्यकता है। आखिरकार, हम पहले से ही सूचना की प्रचुरता के युग में रह रहे हैं। हर वह चीज जो कोई चाहता है- और बहुत कुछ ऐसा भी जो कोई नहीं चाहता- आज इंटरनेट के माध्यम से सुलभ है। लेकिन उपयोगी जानकारी आज भी दुर्लभ है। किसी विशेष संदर्भ में, विशेष समय पर, एक खास समस्या हल करने के लिए आपको जो चाहिए, वो अगर आपको मिल जाए तो मेरी ओर से आपको मुबारकबाद। यह प्रासंगिक व्यावहारिक ज्ञान ही है- न कि केवल जानकारी- जो कि कारखाने के श्रमिकों को अधिक उत्पादक बनाती है; इलेक्ट्रीशियन को नए उपकरणों को संभालने और अधिक परिष्कृत कार्य करने में सक्षम बनाती है; नर्सों को स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली भूमिका निभाने में मदद करती है; और सभी कौशल और पृष्ठभूमि के श्रमिकों को नई और अधिक उत्पादक भूमिकाएं निभाने की सुविधा देती है।

एआई को अगर ठीक से विकसित और उपयोग किया जाए, तो वह वास्तव में हमें बेहतर बना सकता है। वह अधिक समझ के साथ सोचने और कार्य करने की हमारी क्षमता का भी विस्तार कर सकता है। लेकिन वह हमारे सामने एक गंभीर खतरा भी पैदा करता है। संकट केवल यही नहीं है कि सुपर-इंटेलिजेंट मशीनें किसी दिन हम पर राज करने लगेंगी; बल्कि यह है कि एआई हमारी सीखने, प्रयोग करने, ज्ञान को साझा करने की क्षमता को कमजोर कर देगा। अगर यह लगातार कार्यों और नौकरियों को खत्म करता है; सूचना को अत्यधिक केंद्रीकृत करता है; परीक्षण करने व सीखने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करता है; कुछ कंपनियों को हमारे जीवन पर शासन करने का अधिकार देता है; और व्यापक असमानताओं के चलते दो-स्तरीय समाज बनाता है, तो वह हमें बहुत कमजोर कर देगा। वह लोकतंत्र और मानव सभ्यता को भी नष्ट कर सकता है।

## संत वचन

यही कारण है कि प्रभु ने उन फरीसियों की आलोचना की और उन्हें उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई, जिसे उन्होंने इस प्रकार उजागर किया कि यह उनके पूर्वजों और पूर्वजों द्वारा दिखाए गए व्यवहार से मिलता-जुलता था, जो प्रभु और उनकी सच्चाई पर भरोसा करने के बजाय अपनी इच्छाओं, अपनी समझ और चीजों की व्याख्या के अनुसार चलने की उनकी जिद थी। उनका अभिमान और अहंकार, महत्वाकांक्षाएं और इस दुनिया की इच्छाएं उन्हें गलत रास्ते पर ले गईं और उन्हें प्रभु से और भी दूर कर दिया, क्योंकि उन्होंने प्रभु के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे बंद कर दिए थे। यह वह रवैया है जो प्रभु नहीं चाहते कि हममें से कोई भी रखे, ताकि हम यह न सोचें कि हमारे तरीके और पद्धतियां बेहतर हैं या हम अपने आस-पास के लोगों की तुलना में किसी तरह बेहतर और श्रेष्ठ हैं। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में।

# गर्म मौसम में खुद को ठंडा रखने के लिए स्ट्रीट फूड से बचें

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार को अगले तीन से चार दिनों के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री की क्रमिक वृद्धि की भविष्यवाणी की है। हालांकि पूवार्नुमानों से पता चलता है कि उत्तर-पश्चिम भारत के कई स्थानों पर अगले चार दिनों के दौरान 5 डिग्री तक की उच्चतम वृद्धि का भी सामना करना पड़ सकता है। दूसरी तरफ आप सड़क किनारे विक्रेताओं के सामने खड़े लोगों को एक गिलास नींबू पानी या कुछ कटे हुए फलों का सेवन खुद को ठंडा रखने के लिए करते देख सकते हैं। लेकिन डॉक्टर कहते हैं यह जोखिम भरा है। विशेष रूप से बाल रोग विशेषज्ञ, जो पेचिश, उल्टी, दस्त और मल में खून से प्रभावित बच्चों के बढ़ते मामलों को देख रहे हैं। जब डॉक्टर उनसे पूछते हैं कि उन्होंने पिछले 24 या 48 घंटों में क्या किया तो उनके माता-पिता को भी सड़क किनारे की दुकानों से फल और नींबू पानी का सेवन याद नहीं आता। ऐसे मामलों की संभावना इसलिए बढ़ रही है क्योंकि परीक्षाएं समाप्त हो रही हैं और बच्चों के पास बाहर बिताने के लिए अधिक समय है।

**एडिट.नोट**

ऐसे मामलों में वृद्धि क्यों हो रही है? आप यह स्वीकारने में संकोच नहीं करेंगे कि हमारी फूड इंडस्ट्री में हाईजीन सबसे बड़ा मुद्दा है, खासकर सड़क किनारे के विक्रेताओं के बीच। चूंकि स्टील की प्लेटों को साफ करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं होता, इसलिए उनमें से अधिकांश उन्हें उसी बाल्टी में धो देते हैं, जो दूषित हो गई थी। वे डिस्पोजेबल का उपयोग नहीं करते क्योंकि उनके पास इस्तेमाल की गई प्लेटों को इकट्ठा करने के लिए जगह नहीं होती। दूसरी तरफ स्थानीय नागरिक संगठन भी उनके द्वारा इस्तेमाल की गई प्लेटों को नगर निगम की कूड़ा संग्रह बाल्टियों में देखकर उन पर भारी जुमार्ना लगाते हैं। इस प्रकार दूषित पानी संक्रमण का प्राथमिक स्रोत बन जाता है, जो पेट की बीमारियों, टाइफाइड, हेपेटाइटिस और हैजा का कारण बनता है। इन बीमारियों से बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं? सड़क किनारे विक्रेताओं द्वारा बेचे जाने वाले पानी-आधारित पेय के बजाय आप अपने बच्चों को सादा पानी भी दे सकते हैं।

अगर इससे बात नहीं बनती, तो हमारी सदियों पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित करें, जिनमें हमारे दादा-दादी गर्मी से बचने के लिए घर पर कोकम शरबत, आम पना, लस्सी और छाछ बनाते थे। अपने बाहरी काम की योजना सुबह जल्दी या शाम को देर से बनाएं, ताकि हीट स्ट्रोक से बच सकें। डॉक्टरों का कहना है कि अगर जरूरत पड़ने पर बाहर जाना हो तो उस समय भी हाइड्रेटेड रहना सुनिश्चित करें और दिन में नियमित अंतराल पर पर्याप्त पानी पीएं। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने लोगों को गर्मियों में अधिक फल खाने की सलाह दी है। आम में विटामिन ए होता है जो प्रतिरक्षा-तंत्र को मजबूत करने में मदद करता है। साथ ही सब्जियों का सेवन करें और उच्च प्रोटीन वाले भोजन का सेवन सीमित करें। वहीं आपको किन चीजों से बचना है? ऑइली और मसालेदार भोजन; काबोर्नेटेड पेय क्योंकि वे डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि काबोर्नेटेड पेय बढ़ते बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए भी हानिकारक हैं क्योंकि उनमें चीनी होती है, उनसे दांतों पर परत जम जाती है जिससे कैविटी होती है और शरीर में भोजन के अवशोषण में बाधा उत्पन्न होती है। शराब भी इसी श्रेणी में आती है। सादे पानी, खट्टे फलों और ताजे जूस की तुलना में ?डिहाइड्रेशन के मामले में ये काबोर्नेटेड पेय प्रतिकूल रूप से कार्य कर सकते हैं।

अर्घ्य सेनगुप्ता, - लेखक

# क्या एक वोटर के वोट का मूल्य दूसरे से कम होता है?

गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग करीब 29 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं उनके पड़ोसी बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान इससे करीब 12 लाख कम यानी 17 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। लक्षद्वीप के सांसद सिर्फ 48000 लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि तेलंगाना के मलकाजगिरी के सांसद के पास 30 लाख से ज्यादा का मतदाता-वर्ग है। विषमताओं का आलम यह है कि दिल्ली के दो विधानसभा क्षेत्रों- कैंटोनमेंट और विकासपुरी में क्रमशः 78,800 और 4,62,000 मतदाता हैं। जाहिर है कि इन तमाम जनप्रतिनिधियों में से प्रत्येक पर काम का बोझ अलग-अलग होगा। इसका यह भी मतलब है कि लक्षद्वीप में एक मतदाता का वोट गाजियाबाद के किसी मतदाता की तुलना में 60 गुना अधिक मूल्य रखता है।

विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी द्वारा हाल ही में प्रकाशित ह्वव्हेयर डु वी ड्रॉ द लाइन?ह्ल नामक रिपोर्ट में परिसीमन प्रक्रियाओं के कारण होने वाली ऐसी विसंगतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट कहती है कि एक व्यक्ति के वोट का मूल्य देश के किसी भी अन्य वोटर के वोट के मूल्य के बराबर होना चाहिए। यही कारण है कि परिसीमन पर आज जो जोरदार बहस चल रही है, वह भारतीय लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को डर है कि अगर इसके लिए जनसंख्या को मानदंड बनाया गया तो तमिलनाडु को उत्तर भारत के अधिक आबादी वाले राज्यों की तुलना में लोकसभा में सीटों का घाटा होगा। नतीजतन, परिसीमन जनसंख्या नियंत्रण की सफलता पर जनमत-संग्रह जैसा बन गया है परिसीमन का मतलब ही प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। प्रतिनिधित्व निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार फैक्टर्स में से एक जनसंख्या है। लेकिन जैसा कि एससी-एसटी और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों से पता चलता है, प्रतिनिधित्व पहचान के बारे में भी है। जनसंख्या अहम है, लेकिन यह निर्वाचन क्षेत्रों का सीमांकन करने वाला एकमात्र फैक्टर नहीं है।

यही कारण है कि 2026 में संसदीय सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों की चिंता जायज है। यदि परिसीमन राजनीतिक लाभ और हानि के आधार पर किया जाएगा, तो यह न केवल सीमाओं को प्रभावित करेगा, बल्कि संघीय निष्पक्षता के सिद्धांत का भी उल्लंघन करेगा। विभिन्न राज्यों को सीटें आवंटित करना भारत में एक राज्य होने के अर्थ की एक अच्छी तरह से स्वीकृत समझ पर आधारित होना चाहिए। तमिलनाडु का यह सवाल जायज है कि कृत्रिम समानता को बहुत अलग-अलग राज्यों पर नहीं थोपा जा सकता। स्वतंत्रता के समय, देश के राज्य किसी संबद्धता के आधार पर स्वतंत्र समूह नहीं थे। 1956 में जाकर भाषाई आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किया जा सका था। तब भी, एक अघोषित समझ यह थी कि भारतीय संघ प्रत्येक राज्य को अपने विषयों में संप्रभु और समान मानेगा। लेकिन छोटे राज्यों को केंद्रीय निधियों के बड़े आवंटन के माध्यम से तरजीह दी गई थी। बड़े राज्यों को उनके छोटे समकक्षों का ट्रस्टी बना दिया गया।

आजादी के बाद 75 से अधिक वर्षों में यह समझौता संघीय निष्पक्षता के कार्यशील समझौते को बनाए रखते हुए भारत की एकता को कायम रखने में सफल रहा है। शायद यही कारण है कि योगेंद्र यादव ने हाल ही में संसद में सीटों के वर्तमान वितरण को ही हमेशा के लिए स्थिर रखने का तर्क दिया है।

यह शांति बनाए रखने के साधन के रूप में आकर्षक जरूर लग सकता है, लेकिन थोड़ा गहराई में देखने पर इसमें आपको उलझन होगी। क्योंकि कोई भी सांसद 30 लाख लोगों का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता है। जबकि ब्रिटेन में यह संख्या मात्र एक लाख ही है। इतना ही महत्वपूर्ण विषय यह है कि संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व कैसे किया जाए। क्या संघवाद के सिद्धांत को तमिलनाडु जैसे अमीर राज्यों को अधिक सीटों से पुरस्कृत करना चाहिए? या क्या राज्यों का प्रतिनिधित्व प्रमुख मानव विकास संकेतकों की उपलब्धि से जुड़ा होना चाहिए, जो सरकारों को उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करे? एक और बुनियादी महत्व का सवाल यह है कि सरकार की तेजी से बढ़ती प्रेसिडेंशियल शैली में एक सांसद की भूमिका वास्तव में क्या है?

## बिजनेस. न्यूज

1 मई से एटीएम से पैसा निकालना महंगा होगा

# आरबीआई ने फीस 2 बढ़ाई, फ्री लिमिट के बाद कैश निकालने पर अब 19 चार्ज देना

एजेंसी ● नई दिल्ली

1 मई से अळट से पैसा निकालने पर अब आपको ज्यादा चार्ज देना होगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी फ्इकने एक नोटिफिकेशन जारी कर इंटरचेंज फीस बढ़ाने का ऐलान किया है। इसका मतलब यह है कि जो ग्राहक फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए अळट पर निर्भर हैं, उन्हें अपनी फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट पार करने पर एडिशनल चार्ज देना होगा। ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार, 1 मई से ग्राहकों को फ्री लिमिट पूरी हो जाने के बाद अळट से हर फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए एडिशनल 2 रुपए का भुगतान करना होगा। इस फीस हाइक की वजह से अब अळट से कैश निकालने के लिए हर ट्रांजैक्शन पर 19 रुपए चार्ज देना होगा, जो पहले 17 रुपए था।

वहीं नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन-जैसे कि बैलेंस इंक्वायरी के लिए फीस को 1 रुपए बढ़ाया गया है। यानी अकाउंट बैलेंस चेक करने के लिए हर ट्रांजैक्शन पर अब 7 रुपए चार्ज लगेगा, जो पहले 6 रुपए था।अळट इंटरचेंज फीस एक ऐसा चार्ज है, जो एक बैंक दूसरे बैंक को अळट सर्विसेज प्रोवाइड करने के लिए देता है। यह फीस आमतौर पर हर ट्रांजैक्शन पर लिया जाने वाला एक फिक्स्ड अमाउंट होता है, जिसे अक्सर ग्राहकों को उनकी बैंकिंग कॉस्ट के हिस्से के रूप में जोड़ दिया जाता है।

अलग-अलग बैंकों के अळट पर ग्राहकों को हर महीने लिमिटेड नंबर्स में फ्री ट्रांजैक्शन की अनुमति होती है। मेट्रो सिटीज में ग्राहकों को 5 ट्रांजैक्शन की अनुमति दी जाती है, जबकि नॉन-मेट्रो सिटीज में 3 ट्रांजैक्शन की परमिशन है। यदि फ्री ट्रांजैक्शन की संख्या पार हो जाती है, तो ग्राहकों को एडिशनल चार्जेस देना पड़ता है।फ्इकने व्हाइट-लेबल अळट ऑपरेटरों की रिक्वेस्ट के बाद इन चार्जेस को रिवाइज करने का फैसला किया। अळट ऑपरेटरों ने तर्क दिया था कि बढ़ते ऑपरेशनल एक्सपेंस उनके बिजनेस को प्रभावित कर रहे थे। अळट चार्जेस में बढ़ोतरी पूरे देश में लागू होगी। इससे छोटो बैंकों के ग्राहक प्रभावित हो सकते हैं। ये बैंक अळट इन्फ्रास्ट्रक्चर और इससे जुड़ी सर्विसेज के लिए बड़े फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस पर निर्भर होते हैं। यही वजह है कि बढ़ती लागत का प्रभाव ऐसे बैंकों पर ज्यादा होता है।

भारत में डिजिटल पेमेंट्स की वजह से अळट सर्विस पर प्रभाव पड़ा है। ऑनलाइन वॉलेट और वढकट्रांजैक्शन की सुविधा ने कैश विड्रॉल यानी नकद निकासी की आवश्यकता को काफी कम कर दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2014 में 952 लाख करोड़ रुपए की वैल्यू के डिजिटल पेमेंट्स हुए थे। ऋ23 तक यह आंकड़ा 3,658 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ गया था। यह आंकड़े कैशलेस ट्रांजैक्शन की ओर शिफ्ट को दशार्ता है।

फरवरी 2025 में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (वढक) के जरिए 1611 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। इस दौरान इस दौरान कुल 21.96 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। ट्रांजैक्शन की संख्या में सालाना आधार पर 33% की बढ़ोतरी हुई है।

राज-काज

### पीएनबी के लाखों खाताधारकों को मिली राहत

**नई दिल्ली:** सरकारी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक, पंजाब नेशनल बैंक ने लाखों खाताधारकों को राहत दी है। दअसल, उनके इस समय इसके कई लाख खाताधारकों ने अपने ह्लअपने ग्राहक को जानें केवाईसी को अपडेट नहीं किया है। उनके लिए केवाईसी अपडेट कराने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 घोषित की गई है। अब इसमें कुछ दिनों की मोहलत मिल गई है।पीएनबी की तरफ से जारी एक प्रेस रिलीज के मुताबिक अब इसके ग्राहक अपना केवाईसी अपडेट आगामी 10 अप्रैल 2025 तक करा सकेंगे। यह केवल उन ग्राहकों के लिए लागू है जिनके खातों में 31.03.2025 तक केवाईसी अपडेट होना शेष है।भारतीय रिजर्व बैंक (के दिशानिर्देशों के अनुसार पीएनबी ने अपने ग्राहकों से 10.04.2025 तक अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) जानकारी अपडेट करने के लिए आग्रह किया है।

# 50 हजार तक के लोन पर कोई चार्ज नहीं:इससे छोटे लोन लेने वालों को राहत मिलेगी

एजेंसी ● नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (फ्इक) ने कहा है कि बैंक विशेष रूप से प्रायोरिटी सेक्टर बैंक (ढरछ) छोटे लोन पर कोई भी एक्सेस चार्ज नहीं लगा सकते हैं। फ्इकके मुताबिक, 50 हजार रुपए तक के प्रायोरिटी सेक्टर लोन पर कोई भी लोन संबंधी एडहॉक सर्विस चार्ज या इंस्पेक्शन चार्ज नहीं लगेगा। इससे छोटे कर्ज लेने वाले लोग अनावश्यक वित्तीय बोझ से बचेंगे। फ्इकने प्रायोरिटी सेक्टर (ढरछ) पर नए मास्टर डायरेक्शन जारी किए हैं। यह 2020 से चल रहे मौजूदा गाइडलाइन की जगह लेगा। नए गाइडलाइन 1 अप्रैल 2025 से लागू हो रहे हैं।

प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग (ढरछ) भारत में फ्इक की ओर से तय की गई एक रेगुलेटरी जरूरत है। इसके तहत बैंकों को अपने लोन का एक हिस्सा इकोनॉमी के कुछ स्पेशल सेक्टर को देना ही होता है। इन क्षेत्रों को इन्क्लूसिव ग्रोथ, गरीबी कम करने और डेवलपमेंट के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। लेकिन रिस्क या कम प्रॉफिटेबिलिटी के चलते बैंक ऐसा कम नहीं करते हैं। इस पॉलिसी से समाज के वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, जैसे कि किसान, छोटे व्यवसाय और कम आय वाले परिवारों को किफायती लोन मिल सके। जो बैंक अपने निर्धारित ढरछ टारगेट को पूरा नहीं कर पाते उन्हें रुरल इंफ्रास्ट्रचर डेवलपमेंट (फ्क्छ्रऋ) और नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट यानी ठअइअफ्छकी ओर से चलाए जा रहे फाइनेंशियल स्कीम्स पर खर्च करना होता है।एग्रीकल्चरः डेयरी, मुर्गीपालन जैसे सेक्टर्स के लिए फार्मिंग लोन और कोल्ड स्टोरेज जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए लोन।

टरटए लोनः माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंटरप्राइजेज के लिए क्रेडिट लोन। एजुकेशनः भरत में पढ़ाई करने के लिए 10 लाख रुपए तक और विदेशों में पढ़ाई के लिए 20 लाख तक का लोन। हाउसिंगः मेट्रो शहरों में 35 लाख रुपए और दूसरे क्षेत्रों में 25 लाख तक घर बनाने के लिए लोन। वीकर सेक्शनः रउ/रळ, महिलाएं और आर्थिक रूप से वंचित लोगों को क्रेडिट लोन। अन्यः एक्सपोर्ट क्रेडिट, रिन्युएबल एनर्जी और सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे स्कूल और हॉस्पिटल बनाने के लिए लोन।

# आज सोने-चांदी के दाम में रही तेजी:सोना 32 रुपए बढ़कर 87,751 रुपए पर पहुंचा, चांदी 97,922 रुपए किलो बिक रही

नई दिल्ली। सोने और चांदी के दाम में आज यानी 25 मार्च को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्रइखअ) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 32 रुपए बढ़कर 87,751 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 87,719 रुपए पर था। 20 मार्च को सोने ने 88,761 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

एक किलो चांदी की कीमत 515 रुपए बढ़कर 97,922 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,407 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने पिछले हफ्ते 17 मार्च को 1,00,400 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,440 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 81,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,290 रुपए है। कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 81,850 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 89,290 रुपए है। चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 81,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,290 रुपए है। भोपालः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 81,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,340 रुपए है।इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 11,589 रुपए बढ़कर 87,751 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,905 रुपए बढ़कर 97,922 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी त्वक्ळ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- अे4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।



असम के मोरीगांव जिले में एक विक्रेता दोपहिया वाहन पर बांस की टोकरियां ले जा रहा है।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 26 मार्च, 2025
www.adityabharat.com



### एलएनसीटी भोपाल में एलएन यूनिवर्स फेस्ट के कार्यक्रम

# एलएनसीटी कॉलेज में एनुअल फेस्ट एलएन यूनिवर्स के अंतर्गत

**संवाददाता ● भोपाल**

**कार्यक्रम**

'इन्क्लूसिव अप्रोच' नामक एक विशेष टॉक शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनके भविष्य के लिए प्रेरित करना और उन्हें सफलता की राह दिखाना था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध वक्ताओं ने भाग लिया, जिन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया और युवाओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में उद्यमी रोहित राज, टीवीएफ अभिनेता और लेखक निखिल विजय, अभिनेता और डायरेक्टर साहिल वर्मा, लेखक आयुष तिवारी जैसे विख्यात लोग शामिल थे। वक्ताओं ने युवाओं को बताया कि कैसे असफलताओं को नए अवसरों में बदला जा सकता है और अपने सपनों को साकार किया जा सकता है।

प्रोड्यूसर रोहित राज ने अपने उद्यमिता के अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं से EC इंजीनियरिंग में फेल होने से लेकर परिवार के सपोर्ट से मास कम्युनिकेशन करने की यात्रा साझा की। एक्टर निखिल विजय ने अपनी लेखन और अभिनय यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा कि अपने डार्क स्किन कलर के कारण कभी लगा नहीं था कि एक्टर बन पाऊंगा क्योंकि इंटरनटेनमेंट इंडस्ट्री में स्किन कलर के कारण टाइप कास्ट कर दिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि डिप्रेशन से उभरने के लिए डिप्रेशन को सही समय पर पहचानना जरूरी है।



लेखक आयुष तिवारी ने कंटेंट क्रिएशन को एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया और युवाओं को अपनी रचनात्मकता का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। अभिनेता और निर्देशक साहिल वर्मा ने भी इतने कम समय में यह मुकाम हासिल करने के अपने अनुभव को छात्रों से साझा किया। कार्यक्रम में एलएनसीटी के छात्रों ने अपने शानदार कल्चरल कार्यक्रमों से दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने वक्ताओं से कई सवाल पूछे और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ अनुपम चौकसे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वक्ताओं को धन्यवाद दिया और छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान की।

## शॉर्ट न्यूज

### रहस्यमयी महिला का खौफ। देर रात बजाती है दरवाजे की घंटी!

**ग्वालियर**। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में इन दिनों एक रहस्यमयी महिला की हरकतों से लोग भयभीत हैं। यह महिला आधी रात को गलियों में घूमती है और घरों की डोरबेल बजाकर अचानक गायब हो जाती है। उसकी यह हरकत कई घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, लेकिन महिला का चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। घटना हजीरा चार शहर इलाके के राजा मंडी क्षेत्र की है। दरअसल, इस महिला के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। सीसीटीवी फुटेज में यह भी देखा गया है कि जैसे ही महिला घरों के पास पहुंचती है, आसपास के कुत्ते और गोवंश अचानक डरकर भागने लगते हैं। इससे इलाके के लोग और ज्यादा डर गए हैं। कुछ लोग इसे भूत-प्रेत से जोड़कर देख रहे हैं, तो कुछ इसे किसी शरारती तत्व की साजिश मान रहे हैं। यह कोई पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना सामने आई हो।

### रेलवे ट्रैक पर युवक-युवती के शव मिले कूदने की आशंका

**जबलपुर**। एमपी के जबलपुर स्टेशन के पास एक ऐसा नजारा दिखा की लोगों की रूह कांप गई। कटनी जिले के कुठला थाना क्षेत्र में यह घटना हुई। नयागांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक और युवती की लाश मिली। ऐसा लगता है कि दोनों ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान ले ली। वे पुरैनी क्षेत्र के रहने वाले थे और एक ही जाति के थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में प्रेम संबंध और शादी के लिए परिवार की असहमति की बात सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार रेलवे विभाग ने उन्हें सूचना दी कि नयागांव रेलवे ट्रैक पर एक युवक और युवती के शव पड़े हैं। सीएसपी ख्याति मिश्रा ने बताया कि दोनों के शव क्षत-विक्षत हालत में मिले। ऐसा लगता है कि उन्होंने चलती ट्रेन के सामने छलांग लगाई हो। मृतकों की पहचान हो गई है। वे दोनों एक ही इलाके के रहने वाले हैं। युवक की उम्र लगभग 29 साल और युवती की उम्र लगभग 28 साल थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएसपी ख्याति मिश्रा ने कहा कि जांच में जो तथ्यों और विधि के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आधी रात को धूं-धूंकर जलती रही बस

**सिंगरौली**। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से एक बड़ी खबर है। यहां बस स्टैंड में खड़ी बस में आग लग गई। बस के अंदर सो रहे एक व्यक्ति की जिंदा जलने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान नहीं हो पई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, सिंगरौली के अंतरराज्यीय बस स्टैंड में हर दिन की तरह बसें खड़ी हुई थीं। सोमवार की देर रात को एक बस में भीषण आग लग गई। रात को बस स्टैंड के आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। तुरंत ही इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम को दी गई। आग लगने के बाद लोग इतना घबरा गए कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं।कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक बस जलकर खाक हो गई और एक व्यक्ति भी जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि व्यक्ति बस के अंदर सो रहा था। अब ये व्यक्ति कौन था इसकी पहचान नहीं हो पाई है। बस में आग कैसे लगी फिलहाल इसका कारण पता नहीं चल पाया है।

### कहा : सिंचाई के क्षेत्र में हासिल की अभूतपूर्व उपलब्धियां

# जल पुरुष सीएम का संकल्प हर किसान के खेत तक पहुंचाना पानी

**संवाददाता ● भोपाल**



**उपलब्धियां**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्सर कहते हैं कि प्राचीन काल में भारत में पारस पत्थर हुआ करता था, जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता था। इस पारस पत्थर का काम पानी करता है जब वह सूखे खेतों पर पहुंचता है। जल के स्पर्श से खेतों में सुनहरीफसलें लहलहाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश की धरती को शस्य श्यामला बनाने के संकल्प से ही जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना, जिससे हर खेत में सुनहरी फसलें लहलहाएं और किसान समृद्धशाली बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं और इसके परिणाम स्वरुप प्रदेश ने गत 1 वर्ष में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने दो दशक पहले देश की नदियों को जोड़कर हर खेत तक पानी पहुंचाने का सपना देखा था, जो राज्यों के बीच जल विवाद के चलते दो दशकों से अधिक समय से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी महत्वाकांक्षी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार और राज्यों से निरंतर चर्चा कर इन परियोजनाओं के गतिरोध को समाप्त किया और प्रदेश ने दो बड़ी परियोजनाओं के रूप में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश आकर देश की पहली नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना केन-बेतवा का शिलान्यास किया।

**महाराष्ट्र सरकार से चर्चा कर दूर हो गई बाधा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि अब महाराष्ट्र सरकार के साथ वार्ता के बाद विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वॉटर रीचार्ज अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना का अवरोध दूर हो गया है। मध्यप्रदेश शीघ्र ही महाराष्ट्र सरकार के साथ इस संबंध में करार करने की ओर बढ़ रहा है। जल्द ही केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भोपाल आमंत्रित कर करार की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ। यादव का कहना है कि “ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे।

**केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना एक**

महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय परियोजना है, जिसमें केन नदी पर दौधन बांध एवं लिंक नहर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। रुपये 44 हजार 605 करोड़ लागत की इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 08 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा और प्रदेश की 44 लाख आबादी को पेयजल सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही परियोजना से 103 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी होगा, जिसका पूर्ण उपयोग मध्यप्रदेश करेगा। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिले-छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर के लगभग 02 हजार ग्रामों के लगभग 07 लाख 25 हजार किसान परिवार लाभांवित होंगे। सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर की स्थिति सुधरेगी। औद्योगीकरण, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों में आत्मनिर्भरता आयेगी तथा लोगों का पलायन रुकेगा। परियोजना के साकार रुप लेने पर मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

### बिना अनुमति बना दिया फाउंडेशन स्ट्रक्चर

# वकीलों ने दिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला



**संवाददाता ● ग्वालियर**

**आदेश**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ (हाई कोर्ट) परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित किए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बार एसोसिएशन ने मूर्ति स्थापित करने के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए लाल पट्टी बांधकर विरोध जताया। वहीं, अन्य वकीलों (एडवोकेट्स) ने इस विरोध को निंदनीय बताया और हाई कोर्ट बार का खुला विरोध करने की चेतावनी दी। अब तक अपने शहर के चौक-चौराहों पर महापुरुषों और राजनेताओं की मूर्तियां स्थापित करने को लेकर विरोध प्रदर्शन देखे गए हैं, लेकिन प्रथम कानून मंत्री और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर में स्थापित होने से पहले ही हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। लाल पट्टी बांधकर मूर्ति निर्माण रोकने के लिए प्रदर्शन किया गया और मूर्ति निर्माण का कार्य अनुमति मिलने तक रुकवा दिया गया।

**हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का विरोध**

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ग्वालियर के अध्यक्ष एडवोकेट पवन पाठक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि चौक-चौराहों सहित सार्वजनिक स्थान से जुड़ी हुई जगह पर किसी भी महापुरुष की मूर्ति नहीं लगाई जाएगी। इसके बावजूद, ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर में अंबेडकर जी की मूर्ति लगाने के लिए बिना अनुमति के फाउंडेशन स्ट्रक्चर तैयार कर दिया गया। बार एसोसिएशन ने बैठक कर प्रस्ताव पारित किया है कि हाई कोर्ट परिसर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए जात-पात से ऊपर उठकर कोई भी मूर्ति नहीं लगाई जानी चाहिए। क्योंकि, न्यायालय सर्वधर्म सद्भाव और जात-पात से ऊपर उठकर काम करता है।

# ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

**संवाददाता ● भोपाल**

**अंकुर ने अकीरा को 64 रन से हराया**



**टूर्नामेंट**

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान मे प्रथम श्री ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट मे आज का मैच अकीरा क्रिकेट अकादमी और अंकुर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें अकीरा ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकुर अकादमी की टीम 49.4 ओवर मे 220 रन बनाकर ऑआउट हो गई जिसमे प्रयाग जरीवाला ने 62 रन, अथर्व ने 55 रन और रबजीत ने 20 रन का योगदान दिया। अकीरा की तरफ से गेन्दबाज़ी करते हुए समर्थ वर्मा ने 26 रन देकर 4 विकेट, अंश यादव ने 49 रन देकर 3, राघव खरे 23 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि दानवीर सिंह ने 37 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी अकीरा अकादमी की टीम 156 रन बनाकर ऑलआउट हो गई जिसमें राघव खरे त्यागी ने 48 रन, अर्जुन ने 21 रन और वेदांत ने 15 रन बनाए। अंकुर अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रबजीत ने 26 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि रूद्र और शौर्य ने 2 2 विकेट लिए। रबजीत को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। उन्हें बीडीसीए कोषाध्यक्ष श्री सी एस धाकड़ और बीडीसीए मेंबर श्री आदित्य विजय सिंह ने पुरुस्कृत किया।

# तबादले के बाद भी डटे 10 पुलिस अधिकारियों को हेडक्वॉटर ने किया कार्य मुक्त

**संवाददाता ● भोपाल**



पुलिस मुख्यालय ने ऐसे 10 पुलिस अधिकारियों को कार्य मुक्त कर दिया है जो तबादला सूची जारी होने के बावजूद आदेश का पालन नहीं करते हुए नई जॉइनिंग नहीं ले रहे थे। आदेश में तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापना पर पदभार ग्रहण करने का आदेश जारी हुआ है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से राज्य पुलिस सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की तबादला सूची 5 मार्च और 6 मार्च को जारी की गई थी, जिसमें कई अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया था, परंतु 10 अधिकारी कार्य मुक्त नहीं हुए थे। इसी के चलते पुलिस मुख्यालय की ओर से एक तरफा कार्य मुक्त करने का फरमान जारी हो गया है। विशेष पुलिस महानिदेशक ने अल्टीमेटम के साथ आदेश जारी किया है। इस चेतावनी भरे पत्र में लिखा गया है कि यदि तत्काल नवीन पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया तो एक पक्षीय अनुशंसनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस मुख्यालय की ओर से राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का इस प्रकार का यह पहला आदेश जारी हुआ है। यह आदेश पूरे पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बन गया है।

# एमसीयू में सीयूईटी एवं विश्वविद्यालय ने 11 यूजी कोर्स किए ऑफर

**संवाददाता ● भोपाल**



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय इस वर्ष प्रवेश के लिए सीयूईटी के जरिए 11 यूजी कोर्स ऑफर कर रहा है। शुक्रवार को कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। सीयूईटी-यूजी एवं सीयूईटी-पीजी के अलावा विश्वविद्यालय के स्तर पर भी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया पृथक से संचालित की जायेगी, जिसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं विज्ञापन के माध्यम से दी जाएगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर भोपाल के साथ ही रीवा, खंडवा और दतिया परिसर में भी प्रवेश के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं । जिन 11 यूजी कोर्स को सीयूईटी के जरिए विश्वविद्यालय ने ऑफर किया है, वे कोर्स इस प्रकार हैं । बी.ए. (पत्रकारिता और रचनात्मक लेखन), बी.एससी. (फिल्म और कम्युनिकेशन स्टडीज), बी.ए. (अंग्रेजी पत्रकारिता),बी.ए. (मास कम्युनिकेशन), बी.ए. (विज्ञापन और जनसंपर्क), बी.एससी.(इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), बी.एससी. (मल्टीमीडिया), बी.कॉम (प्रबंधन), कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (बीसीए), बी.एससी. (मीडिया रिसर्च) एवं बी.ए. (हिंदी भाषा, प्रौद्योगिकी और अनुवाद)।

### फास्टैग से हो रहा साइबर फ्रॉड?

# बैठे लोगों का हरियाणा में कट रहा टैक्स

**संवाददाता ● भोपाल**

**फ्रॉड**

क्या देश में फास्टैग के नाम पर साइबर फ्रॉड हो रहा है? घर बैठे टोल टैक्स भुगतान से सवाल खड़े हुए हैं। हैरानी की बात है कि भुगतान दूसरे राज्यों के टोल पर हुआ। बता दें कि टोल नाके पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए वाहन चालकों को फास्टैग की सुविधा दी गई। टोल बूथ पर मशीन फास्टैग को स्कैन कर अकाउंट से पैसा काट लेती है। चंद मिनटों में वाहन चालकों के लिए बैरियर का गेट खुल जाता है। वाहन घर पर होने के बावजूद टोल टैक्स दूसरे राज्य में कटने से सवाल पैदा हो गए। पीड़ितों का कहना है कि शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। भोपाल निवासी प्रवीण दुबे का तीन दिन पहले घर बैठे टोल टैक्सहरियाणा में कट गया। शिकायत करने पर भी अब तक पैसा रिफंड नहीं हुआ। रवि दो दिन पहले भोपाल से उज्जैन गए। रास्ते से गुजरे बिना रवि का टोल कट गया। उन्होंने बताया कि फास्टैग कार्ड घर पर था। रात के 11 बजकर 58 मिनट पर लगातार दो दिनों तक अलग अलग टोल से पैसा कटा। पीड़ित रवि बताते हैं कि शिकायत करने पर भी पैसे रिफंड होने की उम्मीद कम है। एक टैक्सी ड्राइवर ने भी आपबीती बताई।



**ये बोले भाजपा और कांग्रेस नेता?**

जवाब में टोल कर्मचारी ने कहा कि अगर कार का नंबर गलत डाल दिया जाए तो भी फास्टैग से पैसा कट सकता है। अब सियासत भी शुरु हो गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि साइबर और डिजिटल फ्रॉड हो रहा है। उन्होंने घटना के पीछे जांच की मांग की। बीजेपी विधायक भगवान दास सबनानी भी मानते हैं कि आज कल साइबर फ्रॉड कहीं भी हो सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जांच करवानी चाहिए।

# दांतों में तार वाली ये लड़की बन गई है बॉलीवुड की सुपरस्टार हीरोइन

## अदाओं पर मर-मिटते हैं लोग, दे चुकी हैं 800 करोड़ी फिल्म



सोशल मीडिया का जमाना है, ऐसे में सितारों की सालों पुरानी तस्वीरें भी वायरल होती रहती हैं। इन तस्वीरों तो देखकर कई बार लोग हैरान रह जाते हैं तो कई बार अपने चहेते एक्टर को भी नहीं पहचान पाते। अब ऐसी ही एक तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई हुई है। सामने आई इस तस्वीर में एक क्यूट सी लड़की खड़ी नजर आ रही है, जिसके दांतों में ब्रेसेज लगे हुए हैं। खुले बालों और बड़ी मुस्कान के साथ ये काफी खुश नजर आ रही है। अब ये लड़की बड़ी हो गई है और बॉलीवुड को कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुकी हैं। कई लोगों की क्रश ये हसीना अपनी एक्टिंग के दम पर राज करती है। लोग इसकी मासूमियत के आज भी दीवाने हैं। शुरुआती दो फिल्में इनकी भले ही फ्लॉप रही हों, लेकिन सुपरहिट फिल्मों का आंकड़ा इससे कही ज्यादा है। बीते साल भी ये बॉलीवुड की सबसे कमाऊ 800 करोड़ी फिल्म जे चुकी हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि आखिर हम किसकी बात कर रहे हैं, ये कोई और नहीं बल्कि 'स्त्री 2' स्टार श्रद्धा कपूर हैं, जो हमेशा अपनी एक मुस्कान से लोगों को दीवाना बना लेती हैं। श्रद्धा कपूर ने 20 की उम्र में अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। उनकी प्यारी मुस्कान, गर्ल-नेक्स्ट-डोर चार्म और एक्टिंग ने उन्हें चंद फिल्मों के बाद दर्शकों का पसंदीदा बना दिया। उन्होंने अपनी तीसरी फिल्म 'आशिकी 2' में आरोही के किरदार से बॉलीवुड के गलियारों में शोर मचा दिया। ये एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही। इसका हर गाना सुपरहिट बन गया। इस फिल्म को देखने के लिए लोगों में होड़ मच गई थी। सालों बाद भी लोग इस फिल्म को देखकर बोर नहीं होते। वैसे अब एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में एक दशक से भी ज्यादा का वक्त हो गया है और बीते साल 2024 में उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म दी।

# कॉमेडियन समय रैना ने गलती स्वीकार की



स्टैंड अप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना ने इंडियाज गॉट लेटेंट शो से जुड़े मामले पर महाराष्ट्र साइबर सेल को दिए बयान में अपनी गलती स्वीकार कर ली है। 'शो के दौरान जो कुछ भी हुआ उसके लिए माफी मांगता हूं। भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए अतिरिक्त सावधानी रखूंगा।' समय ने 8 फरवरी को अपने यूट्यूब चैनल पर शो का एक एपिसोड अपलोड किया था। जिसमें यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया ने पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर भद्दी बातें कही थीं। सूत्रों के अनुसार, 'कॉमेडियन ने कहा कि शो के दौरान जो कुछ भी हुआ, वह फ्लो में हो गया। उनका वह कहने का कोई इरादा नहीं था।' इसके अलावा, कॉमेडियन ने कहा कि उनके शो को लेकर पूरे विवाद ने उनकी मानसिक सेहत पर बुरा असर डाला है। एक सूत्र ने बताया, 'समय का कनाडा दौरा अच्छा नहीं रहा। विदेश से लौटने के बाद समय जांच एजेंसी के सामने पेश हुए और पांच घंटे से ज्यादा टाइम देकर तक अपना बयान दर्ज कराया। समय को इस मामले में तीन बार समन भेजा गया था।' स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' पर विवाद हुआ। समय ने 8 फरवरी को अपने यूट्यूब चैनल पर शो का एक एपिसोड अपलोड किया था। जिसमें यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया ने पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर भद्दी बातें कही थीं। एपिसोड के सामने आते ही शो और इससे जुड़े लोगों की जमकर आलोचना होने लगी। रणवीर पर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर FIR दर्ज की गई। साथ ही समय के अलावा इस शो के उन 30 गेस्ट के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ, जिन्होंने पहले एपिसोड से अब तक के शो में हिस्सा लिया था।

### शेमारू उमंग के शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' में

# अभिनेत्री दीपिका चिखलिया निभाएंगी गुरु मां की भूमिका!



शेमारू उमंग पर प्रसारित दर्शकों के चहेते शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' अब एक बड़े और अनोखे बदलाव की ओर बढ़ रहा है। शो के करेंट ट्रैक में फिलहाल चैना (दीक्षा धामी द्वारा अभिनीत किरदार) के हालात और मुश्किल होते नज़र आ रहे हैं। चमकीली (इशिता गांगुली द्वारा अभिनीत किरदार) अपनी चालाकी से परिवार को चैना के खिलाफ करने में सफल होती दिखाई देती है। लेकिन कहानी में एक बड़ा मोड़ तब आएगा जब गुरु मां के रूप में एक दैवीय शक्ति प्रकट होगी। इस खास किरदार को चर्चित अनुभवी अभिनेत्री दीपिका चिखलिया निभा रही हैं, जो पूरी कहानी को एक नया मोड़ देंगी।

रामानंद सागर के रामायण की सीता मैया के रूप में लाखों दर्शकों के दिलों में बसने वाली कलाकार दीपिका अब एक बार फिर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं। वह एक आध्यात्मिक गुरु का किरदार निभाएंगी, जो चैना को बताएंगी कि वह जयवीर (शील वर्मा द्वारा अभिनीत किरदार) की रक्षिणी है। शो में उनकी एंट्री से हवेली में बड़े बदलाव होंगे, जिससे चमकीली की योजनाएं कमजोर पड़ जाएंगी।

चैना का किरदार निभा रही अभिनेत्री दीक्षा धामी कहती हैं कि दीपिका के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए एक सपने जैसा है। वह बताती हैं, 'हम सब अपने माता-पिता से यह सुनते हुए बड़े हुए हैं कि सीता मैया के रूप में दीपिका जी को कितना सम्मान मिला था और वह सम्मान आज भी लोगों के दिलों में बरकरार है। जब मैंने अपनी मां से बताया कि मैं दीपिका जी के साथ काम करूंगी, तो वह खुशी से झूम उठीं। इससे पहले कि मैं खुद यह बात सभी से बताती, उन्होंने पूरे परिवार और दोस्तों को यह खुशखबरी दे दी!'

दीक्षा आगे कहती हैं, 'दीपिका जी इतनी बड़ी कलाकार होने के बावजूद बहुत विनम्र और सरल हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत कुछ सीखने का अनुभव रहा। जिस तरह से वह हर सीन को खूबसूरती से निभाती हैं, वह बहुत प्रेरणादायक है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। मुझे ऐसा लगा जैसे सीता मैया सिर्फ चैना के लिए नहीं, बल्कि मेरे लिए भी एक मार्गदर्शक बनीं। पूरा अनुभव बहुत ही खास और दिव्य महसूस हुआ।' गुरु मां के रूप में अभिनेत्री दीपिका चिखलिया की बहुप्रतीक्षित एंट्री दर्शकों को कई भावनात्मक पल, जोरदार ड्रामा और चैना व गुरु के बीच एक मजबूत रिश्ते की झलक देखने को मिलेगी। गुरु माँ की मौजूदगी 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' शो में एक नई ऊर्जा भरने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे यह शो दर्शकों के लिए और भी रोचक हो जाएगा। चैना की कहानी अब एक अनोखा और दिव्य मोड़ लेगी, जिसका साक्षी बनने के लिए देखिए 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' शो हर सोमवार से शनिवार, रात 9 बजे, सिर्फ शेमारू उमंग पर!

# आखिर क्यों इसे लेकर 'जेठालाल' से कहा : आगे नहीं बोलेंगे आप





तारक मेहता का उल्टा चश्मा लगभग हर घर में फेमस शो है। ये एक ऐसा शो है, जिसके बड़ी उम्र के लोगों के साथ-साथ छोटी उम्र के भी लोग देखते हैं। शो के बारे में बात करें, तो ये पिछले 15 सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो के साथ ही साथ इसके कैरेक्टर को भी लोग काफी पसंद करते हैं। सबसे फेमस कैरेक्टर की बात करें, तो दयाबेन और जेठालाल गठा का नाम सामने आता है। ये काफी मजेदार शो है, जिसके डायलॉग्स भी काफी कमाल के होते हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन के किरदार में दिशा वकानी और जेठालाल के किरदार में दिलीप जोशी नजर आते थे। हालांकि, हबाद में पर्सनल लाइफ के चलते शो छोड़ दिया। लेकिन फैंस इन दोनों को एक जोड़े के तौर पर काफी पसंद करते थे। इन दोनों की ही ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री काफी मजेदार रही है। दया और जेठा को लेकर कई सारे मीम भी बनाए गए हैं। हालांकि, इन सभी में से जेठा लाल का जो सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला डायलॉग था वो ऐ पागल औरत था। इस डायलॉग के बारे में हाल ही में दिलीप जोशी ने एक पॉडकास्ट में बात की। उन्होंने बताया कि ये डायलॉग कभी भी स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं थी, बल्कि वो एक्टर की खुद देन थी।

# ऑस्कर में भारतीय फिल्मों को नजरअंदाज करने पर बोलीं : दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण ने हाल ही में ऑस्कर के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की। वीडियो में दीपिका ने उस इमोशनल मोमेंट को याद किया जब भारत ने आरआरआर के गाने नाटू नाटू के लिए ऑस्कर जीता था। दीपिका पादुकोण ने इस वीडियो में ऑस्कर में कई भारतीय फिल्मों को नजरअंदाज किए जाने को लेकर निराशा जताई है। दीपिका ने पेरिस में अपने लुई विटॉन शो के लिए तै यार होने के दौरान एक बीटीएस वीडियो पोस्ट किया। क्लिप में उन्होंने कई बार भारत से ऑस्कर अवार्ड छीनने के बारे में बात की और कहा कि जब 'आरआरआर' के गाने नाटू नाटू ने ऑस्कर जीता तो वह वहां मौजूद थीं। यह एक काफी इमोशनल मोमेंट था। दीपिका ने कहा, 'भारत को कई बार ऑस्कर अवार्ड नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि भारत की कई फिल्मों को अनदेखा किया गया है। चाहे वो फिल्में हों या फिर टैलेंट। मुझे याद है जब मैं ऑडियंस में बैठी थी और होस्ट ने RRR को अनाउंस किया था, तो मैं इमोशनल हो गई थी। सिर्फ एक भारतीय होने के अलावा मेरा उस फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन वो एक बहुत बड़ा मोमेंट था। वो मुझे बहुत, बहुत ज्यादा पर्सनल लगा।' दीपिका की शेयर की हुई इस क्लिप में पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट, किरण राव की लापता लेडीज, राही अनिल बर्वे की तुम्बाड और रितेश बत्रा की लंचबॉक्स की झलकियां भी दिखाई दे रही हैं। यह सभी ऑस्कर में नजरअंदाज की गई भारतीय फिल्म हैं। इन सभी फिल्मों को काफी तारीफ मिली है।

# साध्वियों से मिलीं तमन्ना संवाद करती दिखीं अभिनेत्री आशीर्वाद भी लिया



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह कुछ साध्वियों के बीच बैठी दिख रही हैं। साध्वियों और अभिनेत्री के बीच आध्यात्मिक संवाद हो रहा है। तमन्ना के चेहरे पर भी शांति और प्रसन्नता नजर आ रही है। यह कार्यक्रम तमन्ना की आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' से जुड़ा है। जानिए, इस वीडियो में और क्या-क्या दिखा? तमन्ना को किस तरह का अनुभव हुआ? तमन्ना भाटिया ने जो वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है, उसमें वह कुछ साध्वियों से आशीर्वाद ले रही हैं। इन साध्वियों का पहनावा, वेश-भूषा बिल्कुल वैसी ही है, जैसी फिल्म 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया के किरदार की है। ये साध्वियां असल में भगवान शिव की स्तुति करती हैं, उनके लिए ही समर्पित रहती हैं। इन साध्वियों से तमन्ना ने बहुत देर तक बातचीत की। फिल्म 'ओडेला 2' की कहानी की बात की जाए तो यह एक सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म है। फिल्म को अशोक तेजा ने निर्देशित किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया का किरदार काफी चुनौतीपूर्ण है। ट्रेलर में तो अभिनेत्री का रूप काफी रौद्र नजर आया था। यह फिल्म 'ओडेला रेलवे स्टेशन' की अगली कड़ी है। अगर तमन्ना भाटिया के निजी जीवन की बात करें तो प्रेमी विजय वर्मा ने उनका अलगाव हो चुका है। इनकी राहें अब जुदा हो चुकी हैं। दोनों को लंबे वक्त से साथ नहीं देखा गया है। इन्हीं खबरों के बीच ही तमन्ना भाटिया अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' का प्रचार कर रही हैं।

## न्यूज कॉलम

### ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर हुई मौत



**कोरबा।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला जारी है. ताजा मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघिया का है, जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.जानकारी के अनुसार, बाइक सवार कटघोरा से तुमान की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रेलर के नीचे फंस गई और युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को नजदीकी अस्पताल भिजवाया. हालांकि, मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। हादसे के बाद ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है. वहीं घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और लोगों में भारी आक्रोश है.

### भालू की मौत मामले में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन वनकर्मी निलंबित



बालोद। हाल ही में तांदुला डेम में एक भालू की तैरती हुई मिली लाश के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. इस मामले में भूषण लाल ढीमर (वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, हराठेमा), दरेश कुमार पटेल (परिसर रक्षक, मलगांव) और विशेखा नाग (परिसर रक्षक, नैकिनकुंवा) को निलंबित कर दिया गया है.जानकारी के अनुसार, 24 फरवरी को तांदुला डेम में एक भालू का शव तैरता मिला था, जिसे वन विभाग ने गुपचुप तरीके से कल्लूबाहरा के जंगल में दफना दिया. करीब एक माह बाद जब मृत भालू की तस्वीर वायरल हुई, तो मामला तूल पकड़ लिया. जांच के दौरान शनिवार को वन विभाग ने शव को दोबारा जमीन से निकाला तो चौकाने वाली सच्चाई सामने आई भालू के चारों पंजे शरीर से अलग थे, जिससे वन विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए भालू के शव के सैंपल फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं. रिपोर्ट आने के बाद और भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकती है. इस पूरे मामले को गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह ने विधानसभा में भी उठाया है.

# ईद पर घूमने का प्लान बना रहे तो रायपुर से 200 किमी के दायरे में हैं ये बेस्ट जगह

संवाददाता ● रायपुर

ईद का त्योहार खुशियों, मिलन और दावतों का समय होता है। अगर आप इस मौके पर परिवार या दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं और रायपुर से 200 किलोमीटर के अंदर कोई बेहतरीन जगह तलाश रहे हैं तो आपके पास कई शानदार विकल्प हैं। ईद के मौके पर ये डेस्टिनेशन फैमिली और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए बेहतरीन हैं, जहां आप प्राकृतिक सुंदरता, एडवेंचर और लोकल फूड का आनंद ले सकते हैं।

### फैमिली ट्रिप के लिए खुटाघाट डैम, मदकू द्वीप, सिरपुर बेस्ट

फैमिली ट्रिप के लिए खुटाघाट डैम (140 किमी) फैमिली पिकनिक के लिए आदर्श स्थान है, जहां पानी के खूबसूरत नजारे और बोटिंग का आनंद लिया जा सकता है। इसी तरह मदकू द्वीप (90 किमी) धार्मिक और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, जहां झील के किनारे शांति से समय बिताया जा सकता है। सिरपुर न केवल बौद्ध और हिंदू धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां कुछ पुराने सूफी दरगाहें भी हैं, जहां शांति और आध्यात्मिक अनुभव मिलता है।अगर बच्चों के साथ घूमने की योजना हो तो भिलाई का मैत्री बाग (30 किमी) शानदार रहेगा। यहां चिड़ियाघर, गार्डन और बोटिंग का मजा लिया जा सकता है। वहीं, गढ़ियाघाट वाटरफॉल (160 किमी) एडवेंचर लवर्स के लिए परफेक्ट है, जहां वॉटरफॉल, ट्रेकिंग और नेचर फोटोग्राफी की जा सकती है। मैत्री बाग रायपुर से करीब 30-40 किमी दूर है और यहां का इस्लामिक सेंटर एक प्रमुख धार्मिक और सामाजिक स्थल है।



### दोस्तों के साथ ट्रिप के लिए कांगेर घाटी चित्रकोट वाटरफॉल शानदार जगहें

दोस्तों के साथ रोमांचक ट्रिप के लिए कांगेर घाटी नेशनल पार्क (180 किमी) बेस्ट रहेगा, जहां जंगल सफारी, गुफाएं और ट्रेकिंग का मजा लिया जा सकता है। अगर लंबी यात्रा का मन है तो चित्रकोट वाटरफॉल (260 किमी) भारत के ह्यनियाग्रा फॉल्सह्ण का अनुभव लेने के लिए शानदार जगह है। जशपुर, जो रायपुर से थोड़ा दूर (करीब 200 किमी) है, वहां का प्राकृतिक वातावरण और पहाड़ी इलाका घूमने के लिए बेहतरीन है।

# शिव महापुराण कथा में शामिल हुए सीएम साय

### कहा - पं. प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से कथा सुनना हम सभी के लिए परम सौभाग्य

संवाददाता ● जशपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज मयाली में मधेश्वर महादेव के समीप आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल हुए और पूरे भक्तिभाव से एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिव कथा का श्रवण किया।

उन्होंने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को मधेश्वर महादेव की छायाचित्र भेंटकर और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और उनसे प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद लिया.कथा स्थल में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय सहित परिवार के सदस्यगण, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, पवन साय, कृष्ण कुमार राय, भरत सिंह, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह और भारी संख्या में भक्तगणों ने कथा स्थल पहुंचकर कथा का श्रवण किया।

मुख्यमंत्री साय ने कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालुओं से कहा कि यह हम सबका परम सौभाग्य है कि भगवान शिव की कथा कहने के लिए महापंडित प्रदीप मिश्रा जशपुर के मधेश्वर महादेव धाम मयाली में पधारे है. इस दूरस्थ अंचल में पांच दिन से शिव भक्ति की अविरल धारा बह रही है।

अभी दो दिन और कथा चलने वाली है. इससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को अध्यात्म से सीधे जुड़ने का सुनहरा अवसर मिला है. मधेश्वर महादेव धाम का यह स्थान हम सब लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र है. इसकी ख्याति विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग की है. उन्होंने कहा कि रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना से अभी तक 22 हजार से अधिक लोग अयोध्या जाकर प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर चुके हैं. रमन सिंह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना संचालित की जाती थी. इस योजना का पुनः 27 मार्च को शुभारंभ किया जाएगा. इस योजना के माध्यम से उनके इच्छानुसार तीर्थ स्थल का दर्शन कराया जाएगा.विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर समुदाय के लोगों ने भी भक्ति रस की बह रही अविरल धारा में दिव्य स्नान किया. ग्राम पंडरसिली, तहसील मनोरा से आए पहाड़ी कोरवा और बगीचा ब्लॉक के ग्राम बेहेराखार एवं भितघारा से बिरहोर समुदाय के लोग अच्छी खासी संख्या में यहां पर कथा का श्रवण करने पहुंचे थे।

पहाड़ी कोरवा समुदाय से आने वाले संतोष राम, बजरु राम, शंकर राम, दुर्गा राम और बिरहोर समुदाय के गेदु राम, गुरुबारु राम, लाखा राम ने बताया कि भगवान शिव की कथा सुन कर उनके मन को एक आत्मिक खुशी मिली है. उन्होंने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा के प्रवचनों में जिस प्रकार से शिव भक्ति के साथ ही सार्थक जीवन जो संदेश दे रहे है वह हम सबके जीवन को एक नई राह दिखा रहा है।

### नग्न होकर हथियार के साथ महिला के घर घुसा पड़ोसी

संवाददाता ● कोरबा

छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक युवक नग्न हालत में हथियार लेकर महिला के घर में घुस गया. जहां आरोपी ने महिला के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की. मामले में आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है. घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी की है. जानकारी के अनुसार, शहर के सिंचाई कॉलोनी में महिला को घर में अकेला पाकर युवक घर में जबरन घुस गया. इस दौरान आरोपी नग्न हालत में था. हथियार से हमले और जबरदस्ती करने की कोशिश की. महिला ने जोर-जोर से चीखने लगी, जिसे सुनकर घर पर मौजूद अन्य लोग मौके पर पहुंचे. घटना में युवक खुद के हथियार से घायल हो गया. घटना की जानकारी पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंची.सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि आरोपी राकेश सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी के खिलाफ इठर की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. अभी घायल होने के कारण उसे जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां आगे की कार्रवाई करते हुए न्यायिक डिमांड पर भेजा जाएगा।

# महामाया कुंड में 30 कछुओं की मौत, जाल में फंसे मिले कछुए



संवाददाता ● बिलासपुर

रतनपुर के महामाया कुंड के किनारे जाल में फंसे हुए 30 मृत कछुए पाए जाने की खबर से हड़कंप मच गया है. मंदिर प्रबंधन और वन विभाग की टीम कछुओं की मौत के कारणों की जांच कर रही है. महामाया मंदिर में अभी चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में 30 कछुओं का जाल में फंसकर मृत मिलना कई सवालों को जन्म दे रहा है।

बता दें कि कुंड में कपड़ा धोना, नहाना या मछली पकड़ने पर ट्रस्ट ने रोक लगा रखी है. फिर भी मंदिर से बिल्कुल सटे कुंड में किसने जाल डाला? महामाया मंदिर का सीसीटीवी बंद क्यों था? मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बल ने कुंड में जाल डालने वालों को क्यों नहीं पकड़ा ? ये सारे सवाल बेहद संगीन और ट्रस्ट के रवैये पर सवाल खड़ा करते हैं. हालांकि, घटना के बाद अब मंदिर प्रशासन भी सख्त कदम उठाने पर विचार कर रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना ना हो।

### पंचधारी डैम में दो सगी बहनों की तैरती मिली लाश, हादसा या आत्महत्या ?



रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां केलो नदी के पंचधारी स्टॉप डैम में दो सगी बहनों की तैरती हुई लाश मिली है. दोनों नाबालिग की लाश मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, मृतक नाबालिग लड़कियां रायगढ़ के विनोबानगर इलाके की रहने वाली बिंदिया और अंजलि थीं. सिटी कोतवाली पुलिस ने शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों नाबालिग बहन का देर रात घर वालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिससे गुस्सा होकर दोनों घर से निकल गए थे. जिसके बाद आज सुबह पंचधारी स्टॉप डैम में दोनों की लाश मिली है. इस घटना के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है. फिलहाल, पुलिस पूरे मामले में हर पहलुओं पर जांच कर रही है.

# नक्सलियों के खिलाफ चल रही निर्णायक लड़ाई के बीच गृहमंत्री शाह का बस्तर दौरा

संवाददाता ● रायपुर

बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ चल रही लड़ाई अब अंतिम दौर में है. इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर दौरे पर आ रहे हैं. जानकारी के अनुसार बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे.छत्तीसगढ़ के बस्तर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का दौरा खास होगा।

दरअसल, प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई चल रही है. ऐसे में अमित शाह के बस्तर में होने से सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ेगा और नक्सल उन्मूलन की रणनीति को और मजबूती मिलेगी. बता दें कि इससे पहले दिल्ली प्रवास पर सीएम विष्णुदेव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी.

बस्तर पंडुम 2025 का आयोजन जनजातीय संस्कृति के रंग में सराबोर रहा. इस महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषण,



शिल्प-चित्रकला, जनजातीय व्यंजन और पारंपरिक पेय से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. यह उत्सव तीन चरणों में संपन्न होगा. अबतक दो स्तर पर प्रतियोगिताएं हो चुकी है. पहला 12 से 20 मार्च तक जनपद स्तरीय प्रतियोगिता और 21 से 23 मार्च तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई. अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 3 अप्रैल तक दंतेवाड़ा में आयोजित की जाएंगी, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे.

### बस्तर की लोककला और परंपराओं का दिखा भव्य प्रदर्शन

इस महोत्सव में बस्तर की पारंपरिक नृत्य-शैली, गीत, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण और पारंपरिक व्यंजनों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला. प्रतियोगियों के प्रदर्शन को मौलिकता, पारंपरिकता और प्रस्तुति के आधार पर अंक दिए गए. प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ आदिवासी समाज के वरिष्ठ मुखिया, पुजारी और अनुभवी कलाकार शामिल हैं.



### फर्जी इनकम टैक्स ऑफिसर बनकर लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, गांव का युवक ही निकला मास्टरमाइंड, 5 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव। कोंडागांव पुलिस ने फर्जी इनकम टैक्स ऑफिसर बनकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है. इस गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. लूट का मास्टरमाइंड साजेन्द्र बघेल है, जो कोंडागांव का ही रहने वाला है. पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की रकम, दो कारें और 9 मोबाइल फोन सहित कुल 37.38 लाख रुपये की सामग्री जब्त की है. मुख्य आरोपी साजेन्द्र बघेल पूर्व में भी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी कर चुका है.जानकारी के अनुसार, 23 मार्च को प्रार्थिया ने कोंडागांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 मार्च को दोपहर 2:30 बजे चार व्यक्ति एक इनोवा कार (उऋ10 इट 3041) में उसके दुकान के पास पहुंचे. उन्होंने उसके पति अजय मानिकपुरी को कब्जे में रखा था और जबरन घर में घुसकर आलमारी से 5 लाख रुपए नगद, गल्ले में रखी रकम और घर में लगे कैमरे का ऊश्फलूट लिया. साथ ही वहां काम कर रहे पुष्कर ठाकुर का मोबाइल भी छीन लिया. घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धाराएं 309(4), 127(2), 332(ग) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की.पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार एवं साइबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की. इस दौरान इनोवा कार की लोकेशन रायपुर में ट्रेस हुई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया. जब पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि ग्राम बम्हनी निवासी साजेन्द्र बघेल के कहने पर उन्होंने घटना को अंजाम दिया.पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4,38,000 रुपये लूट की रकम, 1 इनोवा कार, 1 वश 300 कार, 9 मोबाइल जब्त किया है. आरोपियों के पास से जब्त सामग्रियों की कीमत 37 लाख 38 हजार रुपए है.

दैनिक अदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 26 मार्च, 2025
www.adityabharat.com






विपक्षी नेता की गिरफ्तारी के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

# तुर्किये में राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन

**एजेंसी ● अंकारा**

तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर और विपक्षी नेता इकरम इमामुलू की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन जारी है। पिछले 5 दिन में 1,133 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। तुर्की के मंत्री अली येरलिकाया का कहना है कि हमारी सड़कों पर आतंक फैलाना और हमारे देश की शांति और सुरक्षा को खतरे में डालना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कई जगहों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई है। प्रदर्शनकारी सड़कों, यूनिवर्सिटी और मेट्रो स्टेशनों पर सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं। कई सड़कों और मेट्रो लाइनों को भी बंद कर दिया गया है। सरकार ने देश के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में 4 दिन के लिए सार्वजनिक समारोह करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। 22 साल से सत्ता में मौजूद राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ यह दूसर सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। इससे पहले 2013 में एर्दोगन के खिलाफ गेजी में सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया था। एएफपी के मुताबिक, तुर्की के 81 प्रांतों में से कम से कम 55 प्रांत यानी देश के दो-तिहाई से ज्यादा हिस्से में रैलियां आयोजित की गईं।

## शॉट न्यूज

### बांग्लादेश में कभी भी हो सकता है बड़ा आतंकवादी हमला

**ढाका।** बांग्लादेश में सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमन ने एक बार फिर चेतावनी जारी है। उन्होंने आशंका जताई है कि आने वाले कुछ समय में मुल्क में बड़े आतंकवादी हमले हो सकते हैं। खास बात है कि उनका बयान ऐसे समय पर आया है, जब बांग्लादेश में चुनाव को लेकर चर्चाएं तेज हैं। साथ ही उन्होंने कानून व्यवस्था भी चरमराने की बात कही है। अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर सवालिया निशान लगते रहे हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राजधानी ढाका में सेना के वरिष्ठ कमांडर्स से बातचीत में जनरल वकार ने चेतावनी जारी की है। उन्होंने संकेत दिए हैं कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली है कि अगले सप्ताह में आतंकवादी हमले हो सकते हैं।

### पति का सिर फोड़ पत्नी बोली- काटकर ड्रम में भर दूंगी

**मेरठ।** मेरठ के सौरभ राजपूत मर्डर केस का दिमागों पर कैसा असर पड़ा है इसकी एक बानगी मेरठ की ही एक कॉलोनी में देखने को मिली। यहां रहने वाले पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ तो आपा खो बैठी पत्नी ने युवक के सिर पर ईंट मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। धमकी दे डाली कि अगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो काटकर ड्रम में भर दूंगी। घायल पति थाने पहुंचा और पुलिस को पूरा मामला बताया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया। वहीं पत्नी इन आरोपों को झूठा बता रही है। बता दें कि पिछले तीन मार्च को मेरठ में मुस्कान रस्तोगी नाम की एक पत्नी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत को चाकुओं के वार से मौत के घाट उतार दिया था।

### 10 लाख कार्ड बेचने का टारगेट

# अमेरिका ने 1 दिन में एक हजार गोल्ड कार्ड बेचे

**एजेंसी ● वॉशिंगटन डीसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा प्रोग्राम आधिकारिक तौर पर लॉन्च होने से पहले ही सुपर हिट हो चुका है। अमेरिका के कॉमर्शियल सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने एक दिन में ही 1000 गोल्ड कार्ड बेच दिए हैं। एक गोल्ड कार्ड की कीमत 5 मिलियन डॉलर (44 करोड़ भारतीय रुपए) है। यानी कि एक दिन में ही 44,000 करोड़ रुपए के गोल्ड कार्ड बेच दिए गए हैं। हॉवर्ड ने कहा कि लोग गोल्ड कार्ड लेने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। हालांकि यह प्रोग्राम आधिकारिक तौर पर करीब दो हफ्ते बाद शुरू होगा। इलॉन मस्क अभी इसके लिए सॉफ्टवेयर बना रहे हैं। ट्रम्प सरकार 10 लाख गोल्ड कार्ड का टारगेट लेकर जुटी है। प्रशासन का मानना है कि यह ज्यादा मुश्किल नहीं है क्योंकि दुनिया में 3.7 करोड़ लोग ऐसे हैं जो इसे खरीद सकते हैं। अमेरिकी सरकार इस प्रोग्राम से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल देश के कर्ज को कम करने के लिए करेगी। हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि गोल्ड कार्ड खरीदने वालों को अमेरिका में अनिश्चित काल तक रहने का अधिकार मिलेगा। कार्ड खरीदने वालों की जांच भी जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि वो कानून पालन करने वाले अच्छे लोग हैं या नहीं। कार्ड खरीदने वाले अगर अवैध कामों में शामिल हैं तो अमेरिका इस कार्ड को हमेशा के लिए रद्द कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर मैं अमेरिकी नहीं होता तो 6 गोल्ड कार्ड खरीदता- एक मेरे लिए, एक मेरी पत्नी के लिए और चार मेरे बच्चों के लिए।

**44 हजार करोड़ रुपए कमाए**




### ग्रीन कार्ड के जैसे स्पेशल राइट भी मिलेगा

ट्रम्प का कहना है कि गोल्ड वीजा कार्ड नागरिकों को ग्रीन कार्ड जैसा स्पेशल राइट देगा। इस नए वीजा प्रोग्राम से देश में निवेश बढ़ेगा, इसके साथ ही EB-5 से जुड़ी धोखाधड़ी रुकेगी और नौकरशाही पर लगाम लगेगी। ट्रम्प ने 'गोल्ड कार्ड' को EB-5 वीजा प्रोग्राम का विकल्प बताया और कहा कि भविष्य में 10 लाख गोल्ड कार्ड बेचे जाएंगे। फिलहाल अमेरिकी नागरिकता के लिए EB-5 वीजा प्रोग्राम सबसे आसान रास्ता है। इसके लिए लोगों को 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.75 करोड़ रुपए) देने होते हैं।

**35 साल पुरानी व्यवस्था बदलेंगे ट्रम्प**

अमेरिका में स्थायी तौर पर रहने के लिए ग्रीन कार्ड की जरुरत होती है। इसके लिए EB-1, EB-2, EB-3, EB-4 वीजा प्रोग्राम हैं, लेकिन EB-5 वीजा प्रोग्राम सबसे ज्यादा बेहतर है। यह 1990 से लागू है। इसमें शख्स किसी रोजगार देने वाले नियोक्ता से नहीं बंधे होते हैं और अमेरिका में कहीं भी रहकर काम या फिर पढ़ाई कर सकते हैं। इसे हासिल करने में 4 से 6 महीने लगते हैं।

**भारतीय लोगों पर क्या असर होगा?**

रिपोर्ट्स के मुताबिक वे भारतीय जो अमेरिकी नागरिकता लेने के लिए EB-5 प्रोग्राम पर निर्भर थे, उनके लिए 'ट्रम्प वीजा प्रोग्राम' काफी महंगा पड़ सकता है। EB-5 कार्यक्रम को खत्म करने से लंबे ग्रीन कार्ड बैकलॉग में फंसे स्किल्ड भारतीय प्रोफेशनल्स को भी नुकसान हो सकता है। भारतीय आवेदकों को पहले से ही रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड कैटेगरी के तहत दशकों तक इंतजार करना पड़ता है। गोल्ड कार्ड की शुरुआत के साथ इमिग्रेशन सिस्टम उन लोगों के लिए और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है जो भारी कीमत नहीं चुका सकते।

### एयर शो के दौरान प्लेन क्रैश, पायलट की मौत

**जोहानिसबर्ग।** साउथ अफ्रीका के सलदान्हा शहर में वेस्ट कोस्ट एयर शो के दौरान प्लेन क्रैश होने से पायलट की मौत हो गई। शनिवार को हुए इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो फुटेज में एयर शो के दौरान क्रैश होने से पहले प्लेन आसमान में गोता खाते नजर आता है। शो के आयोजकों ने पायलट का नाम जेम्स ओ'कॉनेल बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कॉनेल काफी एक्सपीरियंस पायलट थे। वह एयर शो के दौरान इम्पाला मार्क 1 प्लेन की खूबियों का प्रदर्शन कर रहे थे। इस एयर शो को देखने के लिए हजारों दर्शक जमा हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एयर शो के दौरान ज्यादातर टाइम प्लेन पायटल के कंट्रोल में ही था, लेकिन अचानक विमान की ऊंचाई कम हो गई और वह तेजी से जमीन की तरफ गोता लगाने लगा।

### उग्रवादियों के साथ झड़प के बाद छापेमारी जारी

**इंफाल।** मणिपुर में यूएनएलएफ (पंबेई) उग्रवादियों के साथ झड़प के सिलसिले में मैतेई कट्टरपंथी संगठन अरामबाई टेंगोल के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने सोमवार को बताया कि अरामबाई टेंगोल के करीब 15-20 सदस्य शनिवार दोपहर को कोंगपाल चिंगंगबाम लेईकाई में यूएनएलएफ उग्रवादी इरेंगबाम नंदकुमार सिंह के घर में घुस गए और इंफाल घाटी स्थित संगठन के उग्रवादियों पर हमला कर दिया. घर में मौजूद यूएनएलएफ (पंबेई) के चार उग्रवादी गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों पक्षों की ओर से कुछ राउंड फायरिंग भी की गई, जिसके बाद सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे. सुरक्षा बल के अधिकारी ने बताया कि चार यूएनएलएफ (पंबेई) उग्रवादियों को हिरासत में ले लिया गया।

### ट्रंप के बयान से भड़का ग्रीनलैंड

# उप राष्ट्रपति की पत्नी उषा के दौरे का बायकॉट करेगा ग्रीनलैंड



**एजेंसी ● वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस 27 मार्च से 29 मार्च तक ग्रीनलैंड के दौरे पर पहुंचने वाली हैं, लेकिन उनके इस दौरे से पहले नया विवाद खड़ा हो गया है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने उषा वेंस की इस विजिट का बायकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने इस हाई प्रोफाइल विजिट को उकसाने वाला बताया है। एगेडे ने कहा कि अमेरिका के साथ की गई डील की वजह से उषा वेंस की ग्रीनलैंड में अमेरिकी मिलिट्री बेस की विजिट को रोकना मुमकिन नहीं है, लेकिन अंतरिम सरकार अमेरिकी डेलीगेशन से नहीं मिलेगी।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ग्रीनलैंड पहुंचेंगे। इस विजिट से दो महीने पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर भी ग्रीनलैंड पहुंचे थे, तब उस विजिट को निजी यात्रा बताया गया था। अपनी यात्रा से पहले उषा वेंस ने एक वीडियो मैसेज शेयर किया है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड की उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और सहयोग के लंबे इतिहास का जश्न मनाना है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने कहा- इस यात्रा का उद्देश्य ऐसी साझेदारी का निर्माण करना है जो ग्रीनलैंड के आत्म निर्णय का सम्मान करे और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने पहले ही दो अमेरिकी हरक्यूलिस सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान ग्रीनलैंड भेज दिए हैं, जिनमें सुरक्षाकर्मी और बुलेटप्रूफ वाहन हैं।

**ट्रम्प की बयानबाजी से ग्रीनलैंड में नाराजगी**

ग्रीनलैंड सरकार की नाराजगी की वजह हाल ही में राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से दिए गए बयान हैं। ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लेने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प का कहना है कि नेशनल सिक्योरिटी और पूरी दुनिया में आजादी के लिए अमेरिका को लगता है कि ग्रीनलैंड पर हमारा कंट्रोल बेहद जरूरी है। इस बयान के बाद ग्रीनलैंड की तरफ से कहा गया था कि हम बिकाऊ नहीं हैं। ग्रीनलैंड उत्तरी अटलांटिक महासागर में मौजूद एक आईलैंड है। यह डेनमार्क के कंट्रोल वाला एक स्वायत्त क्षेत्र है। जिसका अपना प्रधानमंत्री होता है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)